आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 22 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष -41 ■ अंक-202 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

## प्रधानमंत्री मोदी ने फिर जवानों के साथ मनाई दिवाली



**नई दिल्ली,22 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष भी अपनी परंपरा निभाते हुए दिवाली में सीमा पर तैनात वीर जवानों के साथ मनाई। इस बार वे करवार के समीप आईएनएस विक्रांत पर नौसेना के अधिकारियों व नाविकों के साथ रहे। उनके इस कदम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि उनके लिए "देश ही परिवार है" और सीमा पर तैनात सैनिक उनके लिए अपने हैं। जहां दीपक की लौ घरों के साथ-साथ सीमाओं पर भी जलती है और इसका अर्थ यही है कि देश की सुरक्षा और जवानों की निष्ठा राष्ट्र की सांझी पहचान हैं.यह परंपरा अब प्रतीकात्मक अनुष्ठान से बढ़कर राष्ट्रभावना का उत्सव बन चुकी है। जहां दीपक की लौ घरों के साथ-साथ सीमाओं पर भी जलती है और इसका अर्थ यही है कि देश की सुरक्षा और जवानों की निष्ठा राष्ट्र की सांझी पहचान हैं। प्रधानमंत्री का हर साल सैनिकों के बीच दीप प्रज्वलित करना यह याद दिलाता है कि सीमाओं पर रहने वाले सैनिक देश के अभिन्न अंग हैं और उनके साहस के कारण ही घर-घर में दीप जल रहे हैं। सीमा पर दीप जलाना राष्ट्रीय एकता और सैनिक-नागरिक संबंध का प्रतीक है प्रधानमंत्री मोदी की ये वार्षिक पहल सिर्फ रस्मी नहीं-यह उन करोड़ों परिवारों के प्रति सम्मान और आभार का व्यावहारिक प्रदर्शन है जो शांति और सुरक्षा के कारण ही अपने घरों में उत्सव मना पाते हैं। सीमा पर दीपक जलाना इस अर्थ में भी महत्वपूर्ण है कि यह राष्ट्रीय एकता और सैनिक-नागरिक संबंध की ऐसी तस्वीर पेश करता है जो हर भारतीय के मन में गहरे प्रभाव छोड़ती है।



## मासूम बच्चे के सामने पति-पत्नी की नृशंस हत्या



**रायगढ़,22 अक्टूबर।** रायगढ़ जिले के ग्राम कपाटडेरा में मासूम बच्चे के सामने बीती रात हत्यारों ने उनके माता-पिता की नृशंस हत्या कर दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. जिले के घरघोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत भेंड्रा के ग्राम कपाटडेरा में निवासरत गुरुवार सिंह राठिया (35 वर्ष) और उनकी पत्नी मनीता राठिया (30 वर्ष) की अलसुबह रक्तरंजित लाश मिली. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की. घटना के चश्मदीद मृतक के मासूम बच्चे ने पुलिस को वाकये से अवगत कराया. पुलिस ने बच्चे से मिली जानकारी पर दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. जल्द मामले का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है.

## एक और सिंगर की 35 साल की उम्र में हार्ट अटैक से गई जान

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर।** सिंगर ऋषभ टंडन की मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। 'ये आशिकी', 'इश्क फकीराना' और 'चांद तू' जैसे गानों को आवाज देने वाले ऋषभ ने दिल्ली में आखिरी सांस ली। ऋषभ की मौत की पुष्टि उनके एक दोस्त ने की है। ऋषभ अपने परिवार के मिलने दिल्ली में अपने घर गए हुए थे जहां पर हार्ट अटैक से उनकी जान गई। ऋषभ ने इसी महीने की शुरुआत में अपना जन्मदिन मनाया था और वंचित बच्चों के लिए काम करने वाले एक NGO को डोनेशन दिया था। इसका वीडियो उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। सोशल मीडिया पर ऋषभ की आखिरी पोस्ट उनकी पत्नी ओलेस्या टंडन के साथ है, जिसमें वह उनके साथ करवाचौथ मनाते नजर आ रहे हैं। ऋषभ ने उजबेकिस्तान की ओलेस्या से लव मैरिज की थी। ओलेस्या एक मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ऋषभ के निधन की खबर पापाराजी विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की है जिस पर कमेंट सेक्शन में ढेरों लोगों ने शोक प्रकट किया है। एक फॉलोअर ने लिखा- ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे।

## बाल-बाल बचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**तिरुवनंतपुरम ,22 अक्टूबर।** केरल के पथानामथिट्टा जिले में राजीव गांधी स्टेडियम स्थित नव-निर्मित हेलीपैड का एक हिस्सा उस समय धंस गया जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हेलिकॉप्टर के पहिए उसमें फंस गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब राष्ट्रपति सबरीमला दर्शन के बाद यहां उतरीं। अधिकारियों के अनुसार, हेलिकॉप्टर के जमीन पर छूते ही हेलीपैड की सतह का हिस्सा अचानक धंस गया। घटना के बाद हेलिकॉप्टर एक ओर झुक गया, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस और अग्निशमन दल के कर्मियों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। संयुक्त प्रयासों से हेलिकॉप्टर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि यह हेलीपैड अंतिम समय में तैयार किया गया था। खराब मौसम के कारण राष्ट्रपति के हेलिकॉप्टर की लैंडिंग स्थल निलक्कल से बदलकर प्रमादम (राजीव गांधी स्टेडियम) कर दिया गया था। इसलिए मंगलवार देर रात तक कंक्रीट डालकर नया हेलिपैड बनाया गया। लेकिन चूंकि कंक्रीट पूरी तरह सूख नहीं पाया था, इसलिए वह हेलिकॉप्टर के वजन को सहन नहीं कर सका और धंस गया।

आपको बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू मंगलवार शाम को अपनी चार दिवसीय केरल यात्रा पर तिरुवनंतपुरम पहुंची थीं। बुधवार को वे सबरीमला मंदिर में दर्शन और आरती करने पहुंचीं। इस दौरान पथानामथिट्टा जिले के प्रमादम में उनके हेलिकॉप्टर की लैंडिंग हुई, जहां यह हादसा हुआ। घटना में किसी को चोट नहीं आई और राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए एक्स (X) पर लिखा, "केरल आगमन पर भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का हार्दिक स्वागत। उनका यहां होना हमारे राज्य और जनता के लिए गर्व की बात है।"

## पत्नी की हत्या कर फांसी पर लटका पति

**धमतरी,22 अक्टूबर।** थाना मगरलोड अंतर्गत पुलिस चौकी करेलीबड़ी क्षेत्र के ग्राम हरदी में पत्नी की हत्या एवं उसके पति द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है. घटना की जानकारी मिलने के साथ ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुँचकर आवश्यक कार्रवाई करने के साथ मर्ग पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार, सोमवार रात लगभग 11 ग्राम हरदी निवासी हितेश यादव (22 वर्ष) और उनकी पत्नी लक्ष्मी यादव (20 वर्ष) अपने कमरे में सोने चले गए थे. अगली सुबह मंगलवार को लगभग 7 बजे जब कमरे का दरवाजा नहीं खोला, तो हितेश यादव के बड़े भाई गितेश्वर यादव ने आवाज लगाई.

अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर सीढ़ी लगाकर कमरे के अंदर झाँका तो लक्ष्मी यादव का शव जमीन पर पड़ा हुआ था, तथा पति हितेश यादव फांसी के फंदे पर झूल रहे थे. परिजनों द्वारा तुरंत दरवाजा खोलकर हितेश यादव को नीचे उतारा गया, लेकिन हितेश के साथ उसकी पत्नी लक्ष्मी की सांसें थम चुकी थी. परिजनों की सूचना पर पुलिस चौकी करेलीबड़ी की टीम एवं एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुँचकर कार्रवाई शुरू की. कार्यपालिक दण्डाधिकारी की उपस्थिति में शव पंचनामा किया गया. शार्ट पीएम रिपोर्ट के आधार पर मृतका लक्ष्मी यादव की मृत्यु गमछा से गला घोंटने और हितेश यादव की मृत्यु को आत्महत्या बताया है.पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 172/2025, धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर दी है.

## पुलिस थाने के टायलट के दरवाजे पर मोदी-साय का पोस्टर

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर टीआई को हटाने की मांग की

**बिलासपुर,22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ की न्यायाधानी बिलासपुर का सीपत थाना विवादों में घिर गया है. थाना परिसर स्थित सार्वजनिक टॉयलट का दरवाजा तो नहीं है, लेकिन इस्तेमाल के लिए पीएम-सीएम की तस्वीर वाले पोस्टर से जुगाड़ किया गया है. इसकी जानकारी लगते ही भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और कड़ी नाराजगी जताई. उन्होंने दोषियों पर कार्रवाई के साथ टीआई को हटाने की भी मांग की है. जानकारी के मुताबिक, सीपत थाना परिसर स्थित सार्वजनिक शौचालय का दरवाजा टूटने पर 'सुशासन तिहार' का पोस्टर लगा दिया गया. इस पोस्टर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की फोटो है. यह दृश्य देख नाराज भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और आपत्ति दर्ज कराई. भाजपा कार्यकर्ताओं ने गंभीर आरोप लगाया कि थाना प्रभारी के संरक्षण में अवैध गतिविधियां चल रही है. थाने में शराबखोरी होती है. साथ ही थाने से लोकार्पण का शिलालेख हटाने का भी आरोप लगाया है. उन्होंने जिम्मेदारों पर एफआईआर और थाना प्रभारी को हटाने की मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया.



## दिवाली पर जुआ फड़ में पुलिस ने छापा मार 17 जुआरियों से लाख रुपए किया जब्त

**बलौदा बाजार,22 अक्टूबर।** दीपावली त्योहार के दौरान जुआ फड़ पर पुलिस की पैनी नजर ने काम कर दिया. राजा देवरी पुलिस ने ग्राम देवगांव जुआ फड़ में छापा मारकर जुआ खेलते हुए 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया. जुआरियों से 1,00,000 रुपए नगदी रकम के साथ 52 पत्ती ताश जब्त किया गया है. दिवाली के दौरान बलौदा बाजार के समाधान सेल में जुआ फड़ की सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई. पकड़े गए 17 जुआरियों के खिलाफ थाना राजादेवरी में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई. पकड़े गए आरोपियों में ग्राम सुखरी निवासी परमानंद नायक (40 वर्ष), ग्राम निठोरा थाना सलिहा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी राजकुमार साहू (26 वर्ष), ग्राम निठोरा थाना सलिहा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी रूपेश कुमार साहू (32 वर्ष), ग्राम गनियारी थाना सलिहा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी जगसाय पटेल (41 वर्ष) शामिल थे. इनके अलावा ग्राम देवगांव थाना राजादेवरी निवासी कांतिलाल पटेल उमरती (43 वर्ष), बहादुर बरिहा (28 वर्ष) बसंत सेठ (35 वर्ष), जागेश्वर सेठ (40 वर्ष), हरिशंकर बरिहा (36 वर्ष), हेमंत पटेल (24 साल), टिकेश्वर पटेल (60 साल), अजय पटेल (34 साल), मदन पटेल (44 साल), संग्राम सिंग (32 साल), रमेश पटेल (32 साल), संतोष पटेल (47 साल), दयाराम बरिहा (25 साल) शामिल थे.

## हम बनाएंगे 'बिहार फर्स्ट'; एनडीए की सरकार पक्की : चिराग



**पटना,22 अक्टूबर।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बुधवार को महागठबंधन पर निशाना साधा, क्योंकि सहयोगी दल सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर सहमत नहीं हो पाए। पासवान, जिनकी पार्टी लोजपा (आर) 29 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, ने यह भी कहा कि एनडीए 14 नवंबर को राज्य में सरकार बनाएगा। विपक्ष पर वार करते हुए चिराग ने कहा कि उनके गठबंधन (महागठबंधन) में इतना कुछ चल रहा है, और राहुल गांधी कहाँ हैं? क्या राहुल जी और तेजस्वी यादव की नैतिक ज़िम्मेदारी नहीं थी कि वे साथ बैठकर गठबंधन में आने वाली बाधाओं को दूर करें? यह कांग्रेस की गंभीरता की कमी को दर्शाता है। चिराग पासवान ने कहा कि वे चाहे कुछ भी करें, हकीकत यही है कि 14 नवंबर के बाद एनडीए बिहार में सरकार बनाएगा। बिहार की जनता समझ गई है कि अगर महागठबंधन पाँच दलों को एक साथ नहीं रख सकता, तो वे बिहार को भी एकजुट नहीं रख पाएंगे। इससे पहले, एक सभा को संबोधित करते हुए, चिराग ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन द्वारा समय पर सीट बंटवारे की घोषणा पर ज़ोर दिया और कहा कि इससे एक बहुत ही "सकारात्मक संदेश" गया है। उन्होंने कहा कि माहौल एकतरफ़ा है और हम अपनी उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे...एनडीए ने समय पर सीट बंटवारा पूरा कर लिया, जिससे एक बहुत ही सकारात्मक संदेश गया है...चूँकि महागठबंधन अपने ही दल को एकजुट नहीं रख पा रहा है, इसलिए हमें ज़्यादा सीटें जीतने की उम्मीद है। जो गठबंधन अपने सहयोगियों का ही ध्यान नहीं रख सकता, वह राज्य का क्या ध्यान रखेगा?...बिहार की जनता महागठबंधन के नेताओं से ये सवाल पूछ रही है...एनडीए के नेता 14 नवंबर को फिर से दिवाली मनाएँगे।

पासवान ने यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव जीतने के बाद पार्टी का लक्ष्य आगामी कार्यकाल में बिहार का कायाकल्प करना है। पवन ने बेहतर स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधाओं, शिक्षा के बुनियादी ढाँचे के विकास और औद्योगीकरण का वादा किया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का एक विज़न है कि हम समाज के प्रत्येक व्यक्ति को कैसे सशक्त बना सकते हैं, और इसी विज़न के साथ हम आगे बढ़ने के लिए काम कर रहे हैं। हम अगले पाँच वर्षों में एक स्वर्णिम इतिहास लिखने जा रहे हैं। अगले पाँच वर्षों तक, हम बिहार को औद्योगीकरण से बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य की ओर ले जाने के लिए काम करेंगे, ताकि किसी भी बिहारी को बिहार छोड़ना न पड़े। हम इस दिशा में काम कर रहे हैं... मैं तब तक चैन से नहीं बैठूँगा जब तक मैं बिहार को पहले और बिहारियों को पहले नहीं बना देता।

## मेहुल चोकसी को करारा झटका

**नई दिल्ली,22 अक्टूबर।** मेहुल चोकसी को एक और झटका लगा है जब बेल्जियम की एक अदालत ने फैसला सुनाया कि 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले से जुड़े मामले में भारत को उसके प्रत्यर्पण में कोई कानूनी बाधा नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि भगोड़े व्यवसायी को वहाँ निष्पक्ष सुनवाई और सुरक्षा मिलेगी। एंटवर्प की अदालत ने यह भी बताया कि चोकसी बेल्जियम का नागरिक नहीं है और उसने स्वीकार किया है कि वह कानून में परिभाषित एक 'विदेशी नागरिक' है। उसने यह भी कहा कि उसका प्रत्यर्पण कोई "राजनीतिक, सैन्य या कर-संबंधी" मामला नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि भारत ने चोकसी के खिलाफ "उसकी जाति, धर्म या राजनीतिक मान्यताओं के आधार पर" कोई कार्रवाई नहीं की है। चोकसी के इस आरोप को खारिज करते हुए कि 2021 में भारतीय अधिकारियों के निर्देश पर एंटीगुआ और बारबुडा में उसका अपहरण किया गया था, अदालत ने कहा कि उसके मामले को साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं है। सीबीआई द्वारा भेजे गए प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर चोकसी को 11 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया है कि कुल 13,000 करोड़ रुपये में से अकेले चोकसी ने 6,400 करोड़ रुपये की हेराफेरी की। मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि एंटवर्प की अदालत ने माना कि भारत के अनुरोध पर बेल्जियम के अधिकारियों द्वारा चोकसी की गिरफ्तारी वैध थी। उन्होंने कहा कि यह आदेश भारत द्वारा चोकसी के प्रत्यर्पण के मामले को पुख्ता करता है, क्योंकि चोकसी के पास बेल्जियम के सर्वोच्च न्यायालय में इस फैसले के खिलाफ अपील करने का विकल्प है। एक अधिकारी ने कहा, "बेल्जियम में मेहुल चोकसी के खिलाफ चल रही प्रत्यर्पण कार्यवाही में यह भारत की पहली सफलता है।"

## ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा मानद लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से सम्मानित



**नई दिल्ली,22 अक्टूबर।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर और दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा को बुधवार को भारतीय सेना की टेरिटोरियल आर्मी में मानद लेफ्टिनेंट कर्नल के पद से सम्मानित किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में नीरज को यह सम्मान चिन्ह औपचारिक रूप से प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि लेफ्टिनेंट कर्नल (मानद) नीरज चोपड़ा दृढ़ संकल्प, देशभक्ति और उत्कृष्टता की भारतीय भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने अपने अनुशासन और समर्पण से न केवल खेल जगत में, बल्कि पूरे देश में प्रेरणा का स्रोत बनने का काम किया है। रक्षा मंत्री ने नीरज चोपड़ा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि नीरज ने मैदान में जो अनुशासन और निष्ठा दिखाई, वही भावना उन्हें सेना के आदर्शों से जोड़ती है। वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सच्चे प्रेरणा स्रोत हैं।

**राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट में शामिल**-बता दें कि नीरज चोपड़ा को वर्ष 2016 में भारतीय सेना की राजपूताना राइफल्स रेजिमेंट में शामिल किया गया था। हरियाणा के पानीपत जिले के खांदरा गांव में 24 दिसंबर 1997 को जन्मे नीरज ने अपने प्रदर्शन से न केवल भारत को, बल्कि भारतीय सेना को भी गौरवान्वित किया है।



गौरी-गौरा विसर्जन बाजे-गाजे के साथ किया गया।

## एक नजर

### जुआ खेलते 54 को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई अमलेश्वर थाना क्षेत्र के फार्म हाउस में जुआ खिलाते 14 प्रकरणों में 54 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने जुआरियों से 1,11,230 रुपए, जुआ की रकम, 6 मोबाइल, 1 मोटर साइकिल, 2 चार पहिया वाहन जब्त किया है जिला पुलिस दुर्ग लगातार अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है एवं अवैध गतिविधियों पर निगाह रखी जा रही है इसी तारतम्य में दीपावली की पूर्व संध्या पर खेले जाने वाले अवैध कार्य / सामाजिक बुराई, जुआ पर अंकुश लगाए जाने एवं इसमें संलिप्त व्यक्तियों पर ठोस कार्रवाई करने के उदेश्य से 19 अक्टूबर को जिले में व्यापक अभियान चलाकर ग्राम- करगा फार्म हाउस में जुआ खिलाए जाने की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर 6 आरोपियों को तास पत्ती के साथ पकड़ा जाकर जुआ की रकम 1,11,230/- रूपये, 06 मोबाइल, 1 बुलेट मोटर साइकिल एवं 02 चार पहिया वाहन बरामद किया अमलेश्वर के ही 2 अन्य प्रकरणों में 8 आरोपियों से 5260 रूपये, कुम्हारी के 2 प्रकरणों में 9 आरोपियों से 15000, उतई के 2 प्रकरणों में 6 आरोपियों से 3500 रूपये, धमधा के 3 प्रकरणों में 11 आरोपियों से 2550 रूपये, नेवई के 1 प्रकरण में 5 आरोपियों से 3480 रूपये, छावनी के 1 प्रकरण में 3 आरोपियों से 790 रूपये, जेवरा सिरसा एवं अंजोरा के 1-1 प्रकरण में 6 आरोपियों से 4160 रूपये, इस प्रकार 14 प्रकरणों में 54 जुआरियों को गिरफ्तार किया है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की लॉटरी 24 अक्टूबर को

**भिलाई, 22 अक्टूबर ।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु लॉटरी का आयोजन 24 अक्टूबर शुक्रवार को किया जाएगा। यह लॉटरी नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सभागार में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। निगम प्रशासन ने बताया कि हितग्राहियों द्वारा आवेदन पत्रों की सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर अंशदान राशि का 10 प्रतिशत तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु 75,000 रुपये निगम कोष में जमा कराया गया है। नियमों के अनुसार, लॉटरी प्रणाली से सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल) के आवास तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों का आवंटन किया जाएगा। नगर निगम भिलाई ने सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में भाग लें और योजना का लाभ प्राप्त करें।

### 5 से 11 नवम्बर तक श्रद्धालु करेंगे तीर्थ दर्शन

**दुर्ग, 22 अक्टूबर।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत 05 नवम्बर से 11 नवम्बर 2025 तक द्वारिका, सोमनाथ और नागेश्वर की यात्रा के लिए जिले से 445 वरिष्ठ नागरिक (60 वर्ष अथवा 60 वर्ष से ऊपर) को यात्रा में भेजे जाएंगे।कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि जिले के 445 यात्री जिसमें 334 ग्रामीण व 111 शहरी क्षेत्र के यात्री एवं 11 अनुरक्षक को सम्मिलित करते हुए कुल 456 का कोटा निर्धारित है। उक्त यात्रा में 80 प्रतिशत हितग्राही बी.पी.एल., अंत्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी एवं 20 प्रतिशत हितग्राही गरीबी रेखा के ऊपर ( एपीएल ) के नागरिक होंगे, जो आयकर दाता हो। उक्त यात्रा में शामिल होने आवेदक संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय एवं नगरीय निकायों में 26 अक्टूबर 2025 तक स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते है।

### चयनित अभ्यर्थियों को 7 नवम्बर तक दस्तावेज सत्यापन का अंतिम अवसर

**दुर्ग, 22 अक्टूबर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती हेतु 38 पद के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। उक्त विज्ञापित पदों में से चतुर्थ श्रेणी वर्ग के चयनित अभ्यर्थियों के मूल दस्तावेज सत्यापन एवं पदस्थापना स्थल चयन हेतु 17 अक्टूबर 2025 को कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के सभागार में उपस्थित होने हेतु सूचना प्रसारित किया गया था। उक्त दिवस में ऐसे चयनित अभ्यर्थी जो किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाये थे।

# नितेश साहू व साथियों ने वंचित बच्चों के साथ दीपावली मनाकर मिसाल पेश की



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** दीपावली जैसे हर्षोल्लास के पर्व पर जब समाज की मुख्यधारा से जुड़े युवा वंचित बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियाँ बाँटते हैं, तो यह दृश्य न केवल बच्चों के लिए आनंददायक होता है, बल्कि समाज को भी एक प्रेरणादायक संदेश देता है। इसी भावना के साथ भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष नितेश साहू एवं उनके साथियों ने दुर्ग स्थित खुले आश्रय गृह में जाकर वहाँ रह रहे बच्चों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने बच्चों को पटाखे, मिठाई और केक वितरित किए। बच्चों की चमकती आंखें और खिलखिलाते चेहरे इस बात का प्रमाण थे कि सच्ची खुशी बाँटने से ही बढ़ती है। बच्चों ने दीपावली पर आधारित गीत, कविता और निबंध प्रस्तुत किए, जिनमें उनकी रचनात्मकता और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण झलक रहा था। उनकी प्रस्तुतियों को सुनकर उपस्थित युवा भावुक हो उठे। साहू ने कहा कि सरकार इन बच्चों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, परंतु समाज के प्रत्येक वर्ग का यह दायित्व है कि वह समय-समय पर इन बच्चों के बीच जाकर उन्हें यह अहसास कराए कि वे समाज से अलग नहीं हैं। उनका बचपन भी अन्य बच्चों की तरह खुशहाल और उज्ज्वल होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे प्रयास युवाओं में सेवा भावना और मानवीय संवेदनशीलता को और प्रबल करते हैं। इस अवसर पर पियूष मालवीय, राहुल पाटिल, काशी साहू, शुभम कोम्बे, वीरेंद्र ठाकुर तथा तुषार राजपूत सहित युवा मोर्चा के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



### डिप्टी सीएम कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाई गई दीपावली

**कवर्धा।** डिप्टी सीएम कार्यालय कवर्धा में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और उनकी धर्म पत्नी रश्मि विजय शर्मा ने लक्ष्मी जी की पूजा कर सभी स्टाफ को दिवाली की बधाई दी । पूजा के दौरान नरेंद्र मानिकपुरी , ओंकार साहू , प्रवीण परिहार और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । सभी स्टाफ ने डिप्टी सीएम विजय भैया और भाभी को दिवाली की बधाई दी ।

## कलेक्टर ने की कृषि विभाग के मैदानी अमलों की समीक्षा

**महासमुंद, 22 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री विनय लंगेह की अध्यक्षता में आज शाम 4.00 बजे जिला पंचायत महासमुंद के सभागार में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के मैदानी अमलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी रबी वर्ष 2025-26 की कृषि गतिविधियों, योजनाओं की प्रगति एवं फसल विविधीकरण पर विस्तृत चर्चा की गई।कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि इस वर्ष रबी सीजन में धान फसल को हतोत्साहित करते हुए कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए किसानों को प्रेरित करने हेतु तुलनात्मक आर्थिक गणना पर आधारित ऑडियो-वीडियो एवं प्रचार सामग्री तैयार करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर अन्य फसलों की खेती को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे किसानों को अल्पकालीन ऋण सुविधा प्रदान करने हेतु जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित महासमुंद के नोडल अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

10 हजार हेक्टेयर में वैकल्पिक फसल का लक्ष्य-रबी वर्ष 2025-26 में धान के रकबे को कम करते हुए अनाज, लघुधान्य, दलहन एवं तिलहनी फसलों के क्षेत्रफल में वृद्धि करने की रणनीति बनाई गई है।

## छठ में नहीं रहनी चाहिए कोई कमी, आयुक्त पांडेय के निर्देश पर सफाई की मुहिम शुरू



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** नगर पालिक निगम द्वारा आगामी छठ पर्व को ध्यान में रखते हुए शहर में स्वच्छता अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जोन क्रमांक 03 अंतर्गत पावर हाउस जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, सब्जी मार्केट, निर्माणाधीन सुलभ शौचालय एवं बैकुंठ धाम तालाब का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने दीपावली के बाद बाजारों में बढ़ी भीड़ और गंदगी की स्थिति का जायजा लिया। सफाई कर्मियों को निर्देश दिए गए कि बाजारों में फैले कचरे को तत्काल हटाकर स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। सभी स्थानों पर सफाई कर्मियों द्वारा कचरा एकत्र कर व्यवस्थित ढंग से हटाया गया। इस दौरान समीपस्थ डीएमएफ मद से निर्माणाधीन सुलभ शौचालय का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि शौचालय के निर्माण से व्यापारियों और आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी। जोन आयुक्त ने निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैकुंठ धाम तालाब, जहाँ पर छठ पर्व मनाया जाता है, उसकी साफ-सफाई का कार्य भी तेज़ी से जारी है। तालाब से जमा कचरा और पूजा सामग्री निकालकर अलग की जा रही है। साथ ही छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु प्रकाश व्यवस्था और लाइटों के संधारण के निर्देश भी दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे, श्याम ठाकुर, जोनल विनोद एवं महफूज उपस्थित रहे।

## जिले में 10 अवैध रेत भंडारण पर कलेक्टर की सख्त कार्रवाई

**महासमुंद, 22 अक्टूबर ।** जिले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर कलेक्टर श्री विनय लंगेह की सख्त कार्रवाई एवं पहल रंग लाई है। जप्त किए गए अवैध रेत की पारदर्शी नीलामी प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 10 रेत ब्लॉकों की नीलामी से शासन को कुल 7 करोड़ 41 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त होगा। इसमें 9 रेत ब्लाकों से 6 करोड़ 69 लाख 63 हजार 266 रुपए नीलामी राशि के रूप में प्राप्त हो गई है।जबकि एक ब्लॉक का 56 लाख 39 हजार 840 रुपए प्राप्त होना शेष है। यह कार्रवाई जिले में खनिजों की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हुई है।ज्ञात है कि कलेक्टर श्री लंगेह के निर्देश पर खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम पंचायत बरबसपुर, घोड़ारी, बड़गांव और बिरकोनी क्षेत्र में सरकारी एवं निजी भूमि पर अवैध रूप से भंडारित रेत को जब्त किया था। बाद में खनिज विभाग द्वारा एरियल ड्रोन सर्वे के माध्यम से मात्रा का सटीक निर्धारण कराया गया, जिसमें कुल 2,61,323 घनमीटर रेत का अवैध भंडारण पाया गया।

इसके पश्चात 4 जुलाई 2025 को समाचार पत्र के माध्यम से दावा-आपत्ति आमंत्रण जारी किया गया। परंतु भंडारणकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत दावे ड्रोन सर्वे में प्राप्त मात्रा से कम पाए जाने के कारण विभिन्न शासकीय एवं निजी भूमि में अवैध रूप से भंडारित रेत को खनिज राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा सयुक्त रूप से जप्त किया गया। खनिज विभाग द्वारा जप्त रेत के मात्रा के निर्धारण हेतु एरियल ड्रोन सर्वे कराया गया। सर्वे में जप्त की गई रेत भण्डारण की कुल मात्रा 261323 घनमीटर होना पाया गया।खनिज विभाग द्वारा जप्त रेत भण्डारण के संबंध में 04 जुलाई को समाचार पत्र के माध्यम से दावा आपत्ति का ईश्तहार प्रकाशन किया गया।

# पटाखा फोड़ने के विवाद में दो युवकों ने की अधेड़ की हत्या



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई छावनी थाना क्षेत्र के दीपावली पर्व पर बैरागी मोहल्ला पावर हाउस में फटाका फोड़ने को लेकर उपजे विवाद के कारण दो युवकों ने अधेड़ की हत्या कर दी अधेड़ पर कटर से किए गए जानलेवा हमले में मृतक गणेश बैरागी का हार्ट पंचर हो गया। दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है छावनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि बैरागी मोहल्ला पावर हाउस में 20 अक्टूबर को करीब 10.30 बजे संजय एवं शुभम को मोहल्ले की महिला सोनू बैरागी ने फटाका फोड़ना से मना किया गया। इस पर सोनू बैरागी के साथ संजय एवं शुभम वाद विवाद करने लगे दोनों ही पक्षों के मध्य विवाद बढ़ने पर संजय एवं शुभम दोनो ने सोनू को जान से मारने की नीयत से हाथ में रखे कटर से मारने के लिए दौडाया जिससे सोनू बैरागी दौडते हुए नीलम बैरागी के घर के अंदर आ गई। उसके पीछे पीछे संजय और शुभम नेवी नीलम बैरागी के घर पर बलात प्रवेश कर लिया। इसी दौरान नीलम के पिता जी गणेश बैरागी, बुआ कमला बैरागी, बहन लक्ष्मी बैरागी एवं नीलम बैरागी खाना खाने बैठे थे। गणेश बैरागी खाना खाना छोड़कर बीच बचाव करने लगे। गणेश बैरागी के बीच बचाव करने से नाराज होकर संजय एवं शुभम ने गणेश बैरागी के हाथ को पकड लिया और संजय अपने हाथ में रखे कटर से गणेश बैरागी पर ताबडतोड हाथ में रखे कटर से सिने एवं पेट में वार कर दिया। इस जानलेवा हमले में गणेश बैरागी जमीन पर गिर गये। तब शुभम और संजय वंहा से भाग गये। घायल गणेश बैरागी को उनकी बहन कमला बैरागी और डाडो उठा कर डाडो के आटो से सुपेला अस्पताल ले गये। जहा डॉक्टर ने परीक्षण के बाद गणेश बैरागी को मृत घोषित कर दिया। आरोपी द्वारा किए गए जानलेवा हमले में सीने पर घातक वार किए जाने के करण गणेश बैरागी का हार्ट पंचर हो गया था। इस प्रकार से आरोपी संजय एवं शुभम ने मामूली से विवाद पर गणेश बैरागी की हत्या कर दी। मृतक गणेश बैरागी की पुत्री नीलम बैरागी के द्वारा देर रात्रि पौने दो बजे के करीब की गई रिपोर्ट पर से छावनी पुलिस के द्वारा आरोपी संजय एवं शुभम के खिलाफ धारा 103 ,3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## दीपावली के दिन स्वच्छता दीदीयों व कमांडो का डिप्टी सीएम ने किया सम्मान




**कवर्धा, 22 अक्टूबर।** दीपावली के अवसर पर उप मुख्यमंत्री व स्थानीय विधायक विजय शर्मा ने अपने निज निवास पर नगरपालिका परिक्षेत्र के लगभग 200 सफाई श्रमिक कमांडो को आमंत्रित कर उनके साथ जलपान किया और सादर सम्मान करते हुए उपहार भेंट किया। गौरतलब है कि छतीसगढ़ राज्य मे दीपावली के अवसर पर प्रथम बार किसी मंत्री ने अपने निज निवास में ऐसा आत्मीय आयोजन साकारित कराया है।उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि त्यौहारों से पूर्व नगर को साफ-सुथरा बनाए रखने का सबसे बड़ा दायित्व हमारी स्वच्छता टीम के दीदी और भाइयों का रहता है जो बिना किसी दिखावे के समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश चन्द्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि स्वच्छता दीदी, कमांडो उपस्थित थे। स्वच्छताकर्मी ही वही वास्तविक दीप है जो स्वच्छता का प्रकाश प्रसारित करते है।आज का यह आयोजन केवल उपहार वितरण का कार्यक्रम नहीं था बल्कि समाज में स्वच्छता कर्मियों की गरिमा और महत्व को स्थापित करने का एक सशक्त संदेश था जिसने यह सिद्ध किया कि वास्तविक दीप वही हैं जो अपने कर्म से दूसरे के जीवन में प्रकाश फैलाते हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता दीदियों ने अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि आज मिल रहे इस सम्मान से हमारा मनोबल कई गुना बढ़ा है और हम पूरी निष्ठा के साथ नगर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए सदैव संकल्पित रहेंगे। उन्होंने उपमुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए दीपावली की शुभकामनाएँ भी दीं। सभी स्वच्छता कर्मियों ने भी सामूहिक रूप से उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रति इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया है।

## पीस ऑडिटोरियम में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली पर्व



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में दीपों का पर्व दीपावली हर्षोल्लास, उमंग और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को श्री महालक्ष्मी समान वृहद हस्त से दाता बनते हुए, अखूट खजाने से संपन्न होकर सर्व के प्रति शुभकामनाओं और मंगल भावना का वरदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने घरों के कोने-कोने की सफाई करते हैं, वैसे ही मन के कोनों में छिपे अवगुणों की सफाई भी आवश्यक है। इस अवसर पर उपस्थित सभी ने एक मिनट का गहन राजयोग मेडिटेशन कर आत्मशुद्धि का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी बहनों ने परमपिता परमात्मा शिव को भोग अर्पण किया। तत्पश्चात डिवाइन ग्रुप के बच्चों ने लो जी दिवाली आई है, चारों ओर खुशियाँ छाई हैं, जैसे गीतों पर आकर्षक भांगड़ा नृत्य प्रस्तुत कर सभी को उमंग और उत्साह से भर दिया। दीपों से सजी विशाल रंगोली, लक्ष्मी-नारायण का दरबार, हैप्पी दिवाली का प्रवेश द्वार और मेडिटेशन रूम की शांति ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया और आध्यात्मिक वातावरण में दीपावली का पर्व मनाया।

# ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी के मामले में 2 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 22 अक्टूबर।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के ज्वेलरी दुकान में हुई चोरी मामले में पुलिस ने सगे भाई -सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है आरोपी राजकुमार सोनी ने अपने फुफेरे भाई सुरेंद्र सोनी के साथ मिलकर 35 लाख रुपये की सोने की ज्वेलरी चोरी की थी मुख्य आरोपी राजकुमार सोनी अपने फुफेरे भाई सुरेंद्र सोनी के सहयोग से चोरी के मंगल सूत्र को गलाकर बिस्किट बनाकर रखने बेचने का किया षड्यंत्र किया था आरोपी के कब्जे से 29 नग सोने के मंगलसुत्र, 2 नग सोने का बिस्किट एवं 200000 रुपए नगदी सहित चोरी गया सम्पूर्ण मशरुका बरामद की है स्मृति नगर चौकी पुलिस ने बताया कि प्रार्थी रवि सोनी (50 साल ) निवासी कोहका चौकी स्मृतिनगर चौकी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसका बड़ा भाई राजकुमार सोनी जो कि करीब 9 माह से उसके कान्ती ज्वेलर्स कोहका में सेल्समेन का काम करता था दुकान में भीड़ भाड़ होने का फायदा उठाकर दुकान के लॉकर में रखे 40 नग विभिन्न प्रकार के सोने के मगंलसूत्र को चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 316 (4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान त्रिनयन ऐप की मदद से आरोपी राजकुमार सोनी का विभिन्न स्थान का सीसीटीवी फुटेज मिला आरोपी राजकुमार सोनी रायपुर तरफ जाना पाया गया। उसके आधार पर आरोपी राजकुमार सोनी का उसके बुआ के लड़के सुरेन्द्र सोनी के एक साथ देखे जाने एवं सुरेंद्र सोनी के रायपुर में ज्वेलरी के गलाने का कम करने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना के आधार पर राजकुमार सोनी के दुर्ग ब्राह्मणपारा स्थित किराये के मकान में दबिश दी। जहां आरोपी राजकुमार सोनी एवं उसके फुफेरे भाई सुरेन्द्र सोनी के कब्जे से चोरी का 29 नग सोने के मगंलसुत्र एवं 11 मंगल सूत्र को गलाकर बनाया गया 02 नग सोने का बिस्कीट तथा चोरी के जेवरात के बिक्री हेतु प्राप्त एडवांस रकम 2,00,000 रू नगदी को जब्त किया गया आरोपी राजकुमार सोनी पिता जवाहर सोनी (50 साल ) निवासी ब्राम्हण पारा दुर्ग एवं सुरेन्द्र सोनी (45 साल ) निवासी चांदनी चौक पण्डरिया थाना गण्डई जिला केसीजी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

## छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने विभागों को दिए गए कड़े निर्देश

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ परिवहन मंत्री केदार कश्यप की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन के सभा कक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप मुख्यमंत्री अरूण साव, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक अनुज शर्मा, सचिव सह परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश, सचिव लोक निर्माण विभाग डॉ. कमलप्रीत सिंह, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रदीप गुप्ता, प्रमुख अभियंता वी.के. भतपहरी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं परिषद के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में सचिव परिवहन विभाग एस. प्रकाश ने उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी दी। इसके पश्चात् संजय शर्मा, अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) ने विभागवार समीक्षा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के जनवरी से अगस्त तक प्रदेश में कुल 10,431 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.23त्न अधिक है। घायलों की संख्या 9,132 रही जो 8.64त्न की वृद्धि को दर्शाती है, वहीं 4,770 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई जो 2.51त्न अधिक है। वहीं मंत्री कश्यप ने इस चिंताजनक वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनसंख्या के आधार पर दुर्घटनाओं का तुलनात्मक विश्लेषण करें तथा रोकथाम हेतु ठोस कदम उठाएं।

एक नजर

## 102 महतारी एक्सप्रेस का घरेलू उपयोग करने वाला ड्राइवर बर्खास्त

**बलौदाबाजार,22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से महत्वकांक्षी योजना के तहत आपताकालीन सेवा हेतु102 महतारी एक्सप्रेस संचालित की जा रही है। ऐसे आपातकालीन सेवा में संलग्न 102 महतारी एक्सप्रेस का घरेलु उपयोग करने वाले ड्राइवर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए उसकी सेवा समाप्त कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर 2025 को निलेश साहू ड्राइवर 102 महतारी एक्सप्रेस वाहन क्रमांक सीज़ी 074430 की ड्यूटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-कसडोल में लगी हुई थी। जनप्रतिनिधि एवं मीडिया के माध्यम से उक्त वाहन में सीमेंट की बोरी लादते हुए विडियो का खंडचिकित्सा अधिकारी कसडोल द्वारा संज्ञान मे लेकर इस प्रकार के कृत्य को आपातकालीन सेवा में घोर लापरवाही मानते हुए ड्राइवर पर तत्काल कार्यवाही करने प्रबंधक 102 महतारी एक्सप्रेस को पत्र प्रेषित किया गया।मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए राज्य कार्यालय प्रबंधक 102 महतारी एक्सप्रेस द्वारा तत्काल वाहन चालक निलेश साहु को कार्यमुक्त करते हुए सेवा समाप्त कर दी गई है।

## अधेड़ से धोखाधड़ी करने वाले 3 लोग गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 22 अक्टूबर।** दिनांक 27.11.2024 को प्रार्थी रमेश कुमार धोबी उम्र 53 वर्ष निवासी ग्राम तिल्दा(कारी) द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी विजय जायसवाल एवं अन्य द्वारा प्रार्थी के पास कई बार आकर उसका विश्वास जीतते हुए स्वयं को ट्रेडिंग के नाम से बिजनेस चलाना बताकर एवं उसमें इनवेस्टमेंट करने से पैसा 25 माह में डबल हो जाना तथा इससे बहुत लोग जुड़े होने की बात बताया गया। उसके बातों एवं झांसे में आकर प्रार्थी द्वारा दिनांक 08.12.2023 से 09.04.2024 तक कुल ?5,25,000 रकम आरोपियों को कंपनी में निवेश करने हेतु दिया गया। इस बीच प्रार्थी को ?44,000 वापस भी किया गया। साथ ही आरोपियों द्वारा प्रार्थी को इक्विटस स्मॉल फइनेंस कंपनी का चेक दिया गया तथा कई अन्य लोगों को स्टांप पेपर भी दिया गया। इसके पश्चात आरोपियों द्वारा प्रार्थी का पैसा वापस नहीं करते हुए अपना मोबाइल एवं बातचीत दोनों बंद कर दिया गया, जिससे प्रार्थी को अपने साथ धोखाधड़ी करने का एहसास हुआ। इस बीच प्रार्थी द्वारा अपने स्तर पर भी पता पता किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई लोगों से आरोपियों द्वारा मनी ग्रो इन्वेस्टमेंट में 25 महीना में पैसा डबल हो जाने का लालच देकर, करोड़ों रुपए जमा कराया गया है तथा पैसा वापस नहीं कर उनके साथ भी धोखाधड़ी किया गया है। कि रिपोर्ट पर थाना लवन में अपराध क्र. 496/2024 धारा 420,34 का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। साथ ही मनी ग्रो इन्वेस्टमेंट कंपनी में पैसा लगाने वाले अन्य लोगों के संबंध में भी जांच तस्दीक कर उनका कथन लिया गया, जिसके आधार पर प्रकरण में संलिप्त 03 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा मनी ग्रो इन्वेस्टमेंट कंटनी में निवेश कर विभिन्न अवधियों में पैसा डबल हो जाने का झांसा देते हुए प्रार्थी के साथ अन्य कई लोगों से करोड़ों रुपए की राशि का धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार का माननीय न्यायालय के प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में जांच एवं विवेचना कार्रवाई जारी है तथा फरार अन्य आरोपियों की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।



# मुख्यमंत्री ने बगिया में सुनी आम जनता की समस्याएं

- **मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बगिया में सुनी आम जनता की समस्याएं**
- **आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश**

**रायपुर,22 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अपने गृह ग्राम बगिया में लोगों से दीपावली पर्व के अवसर पर मुलाकात कर उन्हें दीप पर्व की शुभकामनाएं और बधाई दी। मुख्यमंत्री को दीप पर्व की बधाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके गृह ग्राम बगिया पहुंचे थे। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों से उनकी समस्याएं भी सुनी और उनके आवेदन भी लिये। उन्होंने इस मौके पर मौजूद जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके विभागों से संबंधित आवेदनों का तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों, महिलाओं, किसानों, छात्रों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से एक-एक कर मुलाकात की और दीप पर्व की शुभेच्छाओं के अदान-प्रदान के दौरान लोगों की समस्याएं भी सुनी। मुख्यमंत्री ने लोगों से मिले आवेदनों के संबंध में अधिकारियों से कहा कि सभी आवेदनों का समयबद्ध समाधान किया जाए। मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, सड़क, जनसुविधाओं और विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन लोगों ने मुख्यमंत्री को दिए।

# सीएम साय को दीपपर्व की शुभकामनाएं देने गृह निवास बगिया में लगा रहा लोगों का तांता

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के जशपुर स्थित गृह निवास बगिया में दीपावली के पावन पर्व पर शुभकामनाएं देने वालों का सिलसिला दिन भर जारी रहा। देर रात्रि तक जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने मुख्यमंत्री से भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी लोगों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि की मंगलकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि दीपावली का पर्व, परस्पर सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें, जिससे कुम्हारों, कारीगरों और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहन मिल सके। उन्होंने कहा कि



'वोकल फॉर लोकल की भावना आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।' मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान लोगों ने अपनी मांगें एवं समस्याएं भी उनके समक्ष रखी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी निवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित और समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। दीपावली के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में चहुओर उत्साह का वातावरण रहा।

## ज्ञापन सौंप कर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की

**तिल्दा नेवरा 22 अक्टूबर।** तिल्दा नेवरा शहर में यातायात का दबाव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है यातायात की समस्या विकट रूप लेती जा रही है शासन प्रशासन उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं खरोरा सिमगा मुख्य मार्ग में आसपास औद्योगिक करण होने के नाम से ट्रैफिक का दबाव बढ़ता ही जा रहा है इसी परिपेक्ष में कांग्रेस जनों ने एसडीएम , थाना प्रभारी , मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने कहा गया ताकि आमजन को असुविधा का सामना न करना पड़े।

**दबाव कम करने कोई हो ठोस पहल :** सिमगा खरोरा मुख्य मार्ग पर दोनों ओर बाजार होने से ओर रेलवे स्टेशन थाना अस्पताल जनपद पंचायत पंडित दिन दयाल चौक आदि बाजार में अत्यधिक भीड़ होने से मुश्किल बढ़ जाती है। प्रशासन को ध्यान देने की आवश्यकता है।





## तीरथगढ़ में बांस की नाव पर अद्भुत रोमांच

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** इको टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा : वन मंत्री श्री केदार कश्यपछत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीरथगढ़ जलप्रपात क्षेत्र में अब पर्यटकों के लिए एक नया आकर्षण जुड़ गया है। यहां बांस से बनी नावों पर राफ्टिंग की शुरुआत की गई है, जो रोमांच और प्राकृतिक सुंदरता का अनोखा संगम पेश करती है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने तीरथगढ़ पहुंचकर इस नई पहल का जायजा लिया और मूंगाबाहर नाले में स्वयं बांस की नाव (बांबू राफ्टिंग) और कायाकिंग का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ इको टूरिज्म को बढ़ावा देंगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण और वन क्षेत्रों में पर्यटन के माध्यम से आजीविका के साधन उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है, जिससे स्थानीय लोगों को अपने ही क्षेत्र में रोजगार और आत्मनिर्भरता के अवसर प्राप्त हों। इस अवसर पर वन मंत्री श्री कश्यप ने इको विकास समिति के सदस्यों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं के तहत बस्तर संभाग में पर्यटन को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। तीरथगढ़ जैसे प्राकृतिक स्थलों में इको टूरिज्म की पहल न केवल क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाएगी, बल्कि छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक और सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान देगी।

## छग की खनिज संपदा पर भाजपा के उद्योगपति मित्रों की गिद्ध दृष्टि : विनोद चंद्राकर

**महासमुंद 22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में लगातार भाजपा के केंद्रीय नेताओं के आगमन को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश के हरे भरे जंगल व खनिज संपदा पर इनकी गिद्ध दृष्टि पड़ गई है। अडानी जैसे बड़े व्यापारियों के लिए राज्य के समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है। भाजपा के विकास का प्रमुख मॉडल खनिजों, ज़मीन और पानी के बेलगाम निजी दोहन है। छत्तीसगढ़ में 28 खनिजों के भंडार हैं, जिनमें 52



बिलियन टन से अधिक कोयला (भारत के भंडार का 18त्न), 2.7 बिलियन टन उच्च गुणवत्ता वाला लौह अयस्क (भारत के भंडार का 19त्न), और भारत के 37त्न से अधिक टिन अयस्क भंडार शामिल हैं, इसके अलावा बॉक्साइट, चूना पत्थर, डोलोमाइट, क्वार्टजाइट आदि भी हैं। इन बेशकीमती खनिज संपदा पर अडानी जैसे उद्योगपति भाजपा के सहयोग से कब्जा जमा रहे हैं। आज हालत यह हो गया है कि ज़मीन के नीचे मौजूद खनिजों के समृद्ध भंडार तक पहुँचने के लिए आदिवासियों को उनके ज़मीन से जबरन विस्थापित किए जा रहे हैं। विरोध करने वाले आदिवासियों के साथ बर्बरता पूर्वक कार्रवाई भी की जा रही है। भाजपा की साय सरकार निजी संस्थाओं को खुश करने के लिए असहाय ग्रामीणों की ज़मीन हड़पने हेतु सभी नियम-कानून तोड़ रहे हैं।श्री चंद्राकर ने कहा कि बस्तर के खनिज पर गिद्ध दृष्टि डालने वाली भाजपा की सरकार में बस्तर और बस्तर वासियों का शोषण शुरू हो गया है। बस्तर के आम आदमी के रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी आवश्यकताओं पर कोई काम नहीं हो रहा। बस्तर सहित पूरे प्रदेश के गरीब व मध्यम वर्ग की उत्थान के लिए कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने 5 साल में जो योजनाएं बनाई थी, भाजपा की सरकार ने उन तमाम योजनाओं को बंद कर दिया।

समाचार संक्षेप

## ग्रामीण महिलाओं के हुनर को मिला मंच



**रायपुर, 22 अक्टूबर।** चार दिवसीय इस आयोजन में दीपावली पर्व से संबंधित पारंपरिक वस्तुएँ जैसे मिट्टी के दीपक, बाती, लाई, बताशा, बाँस से निर्मित उपयोगी सामान, खाद्य सामग्री शुद्ध सरसों का तेल, श्रृंगार सामग्री, सहित अन्य उपयोगी वस्तुओं के साथ ही फूड ज़ोन भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बना जहाँ दीपावली की तैयारी से जुड़ी हर सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध रही।

बिहान बाजार में ग्रामीण स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के उत्पादों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। जहां विभिन्न महिला समूहों ने पारंपरिक और स्थानीय उत्पाद प्रस्तुत किए, जिन्हें प्रशासन और आम नागरिकों द्वारा प्रोत्साहित किया गया। बिहान बाजार में कुल 9 महिला स्व-सहायता समूहों ने अपने स्टॉल लगाए। इन समूहों द्वारा चार दिवसों में लगभग 4 लाख 53 हजार रुपये की सामग्रियों का विक्रय किया गया। ग्रामीण महिलाओं की सफलता उनके मेहनत, गुणवत्ता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन रही है। राज्य सरकार की बिहान योजना के अंतर्गत यह उपलब्धि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम है।

बिहान बाजार न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम बना, बल्कि स्थानीय उत्पादों को बाजार तक पहुँचाने का अवसर भी मिला। इसके माध्यम से प्रधानमंत्री के लोकल फॉर वोकल अभियान को सशक्त बनाते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान कर रहा है। जय माँ आंबे समूह की अध्यक्ष श्रीमती सलीता गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित बिहान बाजार के माध्यम से हमारे समूह द्वारा निर्मित पूजन व घरेलू सामग्रियों की बिक्री से सभी समूह की सदस्य बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे बाजार नियमित रूप से आयोजित होते रहें यही हमारी अपेक्षा है। बिहान की एसवीईपी परियोजना के अंतर्गत कार्यरत उन्नति मंडल के उद्यमियों ने बताया कि इस आयोजन से हमारी आमदनी लगभग छह माह के बराबर रही है। इससे हमारा आत्मविश्वास भी बढ़ा है और प्रशासन के सहयोग से हमें बेहतर अवसर मिला जो हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

जिला प्रशासन के द्वारा बिहान बाजार को निरंतर परंपरा के रूप में आगे बढ़ाने की दूरगामी सोच से ग्रामीण आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त कदम साबित होगा।आने वाले वर्षों में इसे और बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा।ताकि अधिक से अधिक महिला समूहों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिले। उल्लेखनीय है कि बलरामपुर में बिहान बाजार आयोजित किया गया, जिससे स्व-सहायता समूहों की ग्रामीण महिलाओं को अपने हुनर को पहचान दिलाने का सुनहरा अवसर दिया और गाँव से निकले विभिन्न हस्त निर्मित उत्पादों को भी इस दिवाली में नया रंग भरने का अवसर मिला।

## मुख्यमंत्री साय को अशोक बजाज व प्रीतेश गांधी ने काष्ठ निर्मित भगवान जगन्नाथ की कलाकृति भेंट की

**रायपुर22 अक्टूबर।** भाजपा प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज एवं सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज सीएम हाउस में भेंट कर दीपावली की बधाई दी तथा उन्हें काष्ठ निर्मित भगवान जगन्नाथ की कलाकृति भेंट की. श्री साय ने उत्कृष्ट कलाकृति की सराहना करते हुए स्वदेशी कला को सदैव प्रोत्साहन देने की अपील की।



# पुलिस स्मृति दिवस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**रायपुर,22 अक्टूबर।** पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर जिले के ग्राम सिलफिली स्थित दसवीं बटालियन परिसर में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अमर जवान स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर शहीदों को नमन किया और कहा कि मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस जवानों की वीरता और समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि पुलिस बल ने हर परिस्थिति में जनता की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभाई है। अपने कर्तव्यों के निर्वहन में जिन्होंने सर्वोच्च बलिदान दिया, वे सदैव हमारे हृदयों में जीवित रहेंगे। उन्होंने कहा कि



राज्य सरकार शहीद परिवारों के सम्मान और सहयोग के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर सांसद श्री चिंतामणि महराज, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिला प्रशासन के प्रतिनिधि, शहीद परिवारजन एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई।

### पुलिस जवानों की निष्ठा और अनुशासन से ही राज्य में शांति, सुरक्षा और विश्वास का वातावरण संभव: साय

# शहीद जवानों का बलिदान हमें कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण की सतत प्रेरणा देता रहेगा :राज्यपाल

**रायपुर, 22 अक्टूबर।** शहीद जवानों का बलिदान हमें कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण की सतत प्रेरणा देता रहेगा ङ्क राज्यपाल श्री रमेन डेकाशहीद जवानों का बलिदान हमें कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण की सतत प्रेरणा देता रहेगा ङ्क राज्यपाल श्री रमेन डेका राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज चौथी वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, माना रायपुर के प्रांगण में पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित परेड कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों की ओर से पुलिस के शहीद वीर जवानों को नमन किया तथा शहीद स्मारक में पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के परिजनों से भेंटकर अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने परिजनों को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए। शहीद जवानों का बलिदान हमें कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण की सतत प्रेरणा देता रहेगा ङ्क राज्यपाल श्री रमेन डेकाशहीद जवानों का बलिदान हमें कर्तव्य, अनुशासन और समर्पण की सतत प्रेरणा देता रहेगा ङ्क राज्यपाल श्री रमेन डेका

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पुलिस के अदम्य साहस, पराक्रम और त्याग को देश सदैव नमन करता रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस जवान चौबीसों घंटे तत्पर रहकर जिस निष्ठा और अनुशासन के साथ सेवा दे रहे हैं, उसी के कारण आज नागरिकों के लिए शांति, सुरक्षा और विश्वास के वातावरण में अपना जीवन व्यतीत करना संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस का दायित्व अत्यंत चुनौतीपूर्ण होता है–जहां एक ओर कानून-व्यवस्था बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी है, वहीं दूसरी ओर नागरिकों को भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना भी उनका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि आम जनता को भी पुलिस के प्रति सहयोग और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुलिस ने दृढ़ संकल्प, साहस और निष्ठा के साथ नक्सलवाद की चुनौती का मुकाबला किया है, जिसके परिणामस्वरूप आज इन क्षेत्रों में शांति और विश्वास का वातावरण सशक्त हुआ है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में राज्य पूर्णतः नक्सल समस्या से मुक्त होगा। राज्यपाल श्री डेका ने अंत में शहीदों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सभी पुलिस अधिकारियों और जवानों को उनके सतत योगदान के लिए नमन किया।



## खूब धन बरसा दीपावली में इस बार

संपादकीय

दीपावली त्यौहार में वैसे तो हर बार लोग जमकर खरीदारी करते है, इस बार हर बार से ज्यादा खरीदारी लोगों ने की है,इस बार बाजार में दीपावली पर खूब धन बरसा है।हर किसी की जुबां पर यही बात है, इस बार की दीपावली शानदार रही। इस दीपावली को शानदार बनाने का काम मोदी सरकार ने भी किया है। किसी भी त्यौहार में लोग जमकर खरीदारी तब ही करते हैं जब उनके पास खूब पैसा होता है और बाजार में वस्तुएं सस्ती होती है। यह दोनों काम मोदी सरकार ने इस बार किया है। उसने पिछले बजट में आयकर की सीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपए कर दी इससे लोगों के पास पिछली बार से ज्यादा पैसा बचा और जीसटी में चार की जगह दो ही स्लैब करने से 99 प्रतिशत से ज्यादा वस्तुएं सस्ती हो गई। खूब खरीदारी के लिए लोगों के पास पैसा होना चाहिए और बाजार में वस्तुएं सस्ती होनी चाहिए दोनों ही बातें इस बार बाजार के अनुकूल थी,इसलिए लोगों ने दशकों बाद बाजार में खूब खरीदारी की। माना जा रहा है कि इस बार 14 लाख करोड़ की खरीदारी लोगों ने दीपावली की है। आंकड़ो के मुताबिक माना जा रहा है कि इस बार पिछली दीपावली से 25 फीसदी ज्यादा खरीदारी हुई है।सरकार का अनुमान है कि इस बार 25-26 खत्म होने तक खपत में रिकार्ड 10 प्रतिशत यानी की करीब 20 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त बढ़ोतरी हो सकती है। आटोमोबाइल में इस बार रिकार्ड बिक्री जीएसटी में कमी होने के बाद से ही शुरू हो गई है। दीपावली में इसमें और तेजी आई है।धनतेरस पर राजधानी समेत प्रदेश भर के बाजार में खूब पैसा बरसा देर रात लोगों ने सोने-चांदी व बर्तन आदि खरीदे। राज्य में धनतेरस पर ही दस हजार से ज्यादा वाहन बिके। चेंबर का दावा है कि इस बार धनतेरस पर 2 हजार करोड़ से ज्यादा का व्यापार हुआ है। आटोमोबाइल सराफा व इलेक्ट्रानिक सेगमेंट में खूब बिक्री हुई है। आंकड़ों के मुताबिक भारतीय आटोमोबाइल बाजार ने इस बार इतिहास रच दिया है। दीपावली सीजन की शुरुआत में ही कार कंपनियों ने एक दिन में एक लाख से अधिक कार की डिलीवरी दी है। यह अब तक का सबसे ऊंचा रिकार्ड है। बाजार की दीपावली जितनी शानदार रही, उतनी ही शानदार इस बार अयोध्या की दीपावली भी रही। राममंदिर बनने के बाद अयोध्या में हर साल शानदार दीपावली मनाई जाती है, बड़ी संख्या में लोग अयोध्या में जुड़ते हैं। हर अयोध्या की दीपावली में नया रिकार्ड बनता है। अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद यह नवां दीपोत्सव था। इस दौरान सरयू नदी के56 घाटों में 26 लाख से ज्यादा दीए जलाने नया विश्व रिकार्ड बना है। इसके अलावा 2129 बटुकों ने एक साथ मां सरयू की आरती कर भी नया विश्व रिकार्ड बनाया है। दीयों की गिनती इस बार 112 ड्रोन से की गई।दीयों को 33 हजार वालंटियर ने 75 हजार लीटर तेल व 55 लाख रुई की बत्तियों से सजाया। अयोध्या में पहले दीपोत्सव यानी 2017 में 1.17 लाख दीयों से की गई थी। वैसे तो अयोध्या बरसों पुरानी है, लेकिन देश में मोदी व यूपी में योगी की सरकार होने के बाद अयोध्या में वैसी दीपावली मनाई जाती है जैसी मनाई जानी चाहिए। अयोध्या का देश में क्या महत्व है, यह 14 के पहले सेकुलर सरकारों ने समझा नहीं। अयोध्या के महत्व को पीएम मोदी व योगी ने जितना समझा दूसरे नेता उतना नहीं समझ पाए । यही वजह है लोग मानते हैं देश की बहुसंख्यक आबादी जिस धर्म की होती है, उसी धर्म के पीएम व सीएम होने से पर्व व त्यौहार शानदार ढंस से मनाए जाते हैं। कुछ बहुसंख्यक धर्म विरोधी लोगों को यह बात पसंद नहीं आती है और आलोचना करते हैं कि सरकार अयोध्या व दिल्ली में इतना शानदार दीपावली मनाने के लिए पैसे क्यों खर्च करती है। यह तो पैसों का दुरुपयोग है। हकीकत में तो पैसों का दुरुपयोग तब किया जाता था,जब एक धर्मविशेष के लोगों को खुश करने के लिए जनता के पैसों से इफ्तारी दी जाती थी। तब बहुसंख्यक विरोधी को यह खर्च जनता के पैसों का दुरुपयोग नहीं लगता था, सैफई में जनता के पैसों से महोत्सव मनाया जाता था, तब न तो मुलायम सिंह को यह दुरुपयोग लगता था और न ही अखिलेश यादव को। आज अखिलेश को अयोध्या में शानदार दीपावली अच्छी नहीं लगती है।वह चाहते हैं कि हिंदुओ को दीपावली दीया जलाकर नहीं ईसाइयों की तरह रंगीन बल्ब जलाकर मनाना चाहिए। अखिलेश को पता नहीं है कि दीपावली दीयों का उत्सव है, सबसे पहले मानव समाज ने अंधकार से लडऩे के लिए दीया जलाया था और उसे परास्त किया था।

# गोवर्धन पूजा से श्रद्धा बढ़े, दिखावा नहीं

गोवर्धन पूजा

डॉ. सत्यवान सौरभ

दीपों की कतारें अभी बुझी भी नहीं होतीं कि अगली सुबह गोवर्धन पर्व आ जाता है। यह त्योहार केवल भगवान कृष्ण की पूजा नहीं, बल्कि प्रकृति, गोवंश और सामूहिक श्रम के प्रति कृतज्ञता का उत्सव है। यह पर्व उस सादगी, मिट्टी की सुगंध और मन की पवित्रता का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति की जड़ों में रची-बसी है। लेकिन जब श्रद्धा का अर्थ केवल दिखावे, फोटो और स्टेटस तक सीमित रह गया हो, तब "गोवर्धन पूजा से श्रद्धा बढ़े" कहना एक कामना भी है और एक चेतावनी भी। कृष्ण की कथा में गोवर्धन पूजा का मूल भाव बहुत गहरा है। जब इंद्र के अहंकार से तंग आकर गोकुलवासी भीषण वर्षा में डूबने लगे, तब बालक कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा उंगली पर उठा लिया। इस घटना को केवल एक चमत्कार के रूप में देखना उसके अर्थ को छोटा करना है। असल में यह एक सामाजिक प्रतीक है। यह हमें बताती है कि जब सत्ता अहंकार में अंधी हो जाती है, तब जनसाधारण को अपने सामूहिक साहस से संकट से निकलना पड़ता है। कृष्ण ने गोवर्धन पूजा की परंपरा इसलिए शुरू की ताकि लोग प्रकृति, गोमाता और अपनी श्रमशक्ति को देवत्व के रूप में स्वीकारें—क्योंकि वही असली सहायक हैं, न कि केवल आकाश के देवता। गोवर्धन पूजा दरअसल प्रकृति पूजा है। गाय, गोबर, गोचर भूमि—ये सब उस पारिस्थितिकी का हिस्सा हैं जिसने भारतीय जीवन को आत्मनिर्भर बनाया। जब हम गोबर, मिट्टी और फूलों से गोवर्धन बनाते हैं, तो वह धरती और पर्यावरण के प्रति हमारी श्रद्धा का प्रतीक होता है। वह एक स्मरण है कि यह मिट्टी ही हमारी असली माता है, जो हर बीज को अंकुरित कर हमें अन्न देती है। लेकिन आज के दौर में यह सब प्रतीक धीरे-धीरे खोते जा रहे हैं। गोबर की जगह प्लास्टिक की सजावट ने ले ली है, मिट्टी की गंध पर परफ्यूम का कब्जा हो गया है। गोवर्धन पूजा अब इंस्टाग्राम पोस्ट बन गई है—जिसमें "हैप्पी गोवर्धन पूजा" के स्टिकर तो हैं, पर गाय के लिए चारा नहीं। श्रद्धा अब धरती पर नहीं, स्क्रीन पर चमकती है। कृष्ण ने कहा था—"कर्मण्येवाधिकारस्ते।" लेकिन हमने कर्म छोड़कर कर्मकांड को पकड़ लिया। पूजा अब उस भावना से दूर जा रही है जिसमें सामूहिकता, सहयोग और संवेदना थी। पहले गाँवों में सब मिलकर गोवर्धन बनाते थे, बच्चे गोबर लाते, महिलाएँ फूल सजातीं, पुरुष दीप रखते। वह सामूहिक श्रम और सादगी का पर्व था, जिसमें न कोई प्रतियोगिता थी, न तुलना। आज हर घर में अलग-अलग पूजा होती है—मानो यह अहंकार का गोवर्धन हो गया हो। श्रद्धा भी अब प्रदर्शन बन गई है, जिसमें पूजा का असल अर्थ खो गया है। भारत का सबसे बड़ा विरोधाभास यही है कि हम गाय को "माता" कहकर आँसू बहाते हैं, लेकिन सड़कों पर वही गाय भूख और दर्द से मरती है। गोवर्धन पूजा का केंद्र ही गाय है, और हम उसी केंद्र को भुला चुके हैं।



यह कैसी श्रद्धा है जो दीप जलाती है पर एक मुठ्ठी चारा देने में कंजूसी करती है? पूजा का अर्थ केवल आरती नहीं, जिम्मेदारी भी है। जब तक हम गोवंश, जल, मिट्टी और वृक्षों के प्रति करुणा नहीं दिखाएँगे, तब तक हमारी पूजा अधूरी रहेगी। त्योहार अब भक्ति नहीं, भोग का उत्सव बनते जा रहे हैं। गोवर्धन पूजा भी अब "सेल्फी सीज़न" का हिस्सा बन गई है। प्रसाद, थाल और पूजा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने की होड़ लग जाती है। लेकिन असली भोग—जो सेवा, संतोष और सादगी में था—वह कहीं खो गया है। हमारी दादी-नानी के समय यह पर्व मिट्टी और मेहनत की खुशबू से भरा होता था। अब यह कृत्रिम रोशनी और दिखावे का तमाशा बन गया है। श्रद्धा अब कैमरे की फ्लैश पर निर्भर है, आत्मा की रोशनी पर नहीं। अगर कृष्ण आज होते, तो शायद पूछते—क्या तुम सच में गोवर्धन बना रहे हो, या गोवर्धन के मूल अर्थ को मिटा रहे हो? क्या तुम्हारी पूजा में धरती की गंध है या केवल मॉल की सुगंध? क्या तुम्हारी आरती में गाय की घंटी की आवाज़ है या मोबाइल के नोटिफिकेशन की? ये सवाल हमारे भीतर की श्रद्धा की जाँच करते हैं। क्योंकि भक्ति तभी सार्थक होती है जब वह दूसरों के सुख-दुख में सहभागी बनती है। ग्रामीण भारत में आज भी यह पर्व आत्मीयता से मनाया जाता है। गाँव की गलियों में बच्चे नंगे पैर गोबर इकट्ठा करते हैं, महिलाएँ पारंपरिक गीत गाती हैं—"गोवर्धन धर्यो गिरधारी।" वहाँ पूजा में सादगी है, पर दिल है। वहीं शहरी भारत में गोवर्धन पूजा "रील" बन चुकी है—पाँच मिनट की पूजा, फिर पिज़्ज़ा पार्टी। यह फर्क बताता है कि विकास ने हमें सुविधा तो दी, पर संवेदना छीन ली। हमारी आधुनिकता ने हमें अपने ही मूल से काट दिया है। जब जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय संकट मानवता के सामने सबसे बड़ा खतरा बन चुके हैं, तब गोवर्धन पूजा का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि ईश्वर से प्रार्थना करने से पहले हमें धरती के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। यह वह समय है जब हमें गोवर्धन पूजा की व्याख्या को नये अर्थों में देखना चाहिए—केवल धर्म नहीं, बल्कि जीवनशैली के रूप में। अगर हम इस दिन पेड़ लगाएँ, गोशाला में सेवा करें, तालाब साफ़ करें, पशुओं को भोजन दें—तो वही सच्ची श्रद्धा होगी। श्रद्धा का अर्थ केवल झुकना नहीं, जुड़ना है—धरती से, जल से, पशु से, मनुष्य से। जब श्रद्धा जिम्मेदारी के साथ जुड़ती है, तभी वह भक्ति बनती है। वरना वह सिर्फ रस्म रह जाती है। कृष्ण का गोवर्धन पर्व हमें यही सिखाता है—कि असली धर्म दूसरों के लिए खड़ा होना है। कृष्ण ने इंद्र का अहंकार तोड़ा था, लेकिन आज हमारे भीतर भी ऐसे सैकड़ों इंद्र पल रहे हैं—लालच, ईर्ष्या, उपभोग, दिखावा और अधिकार की अंधी चाह। हमें इन इंद्रों को शांत करने के लिए अपने भीतर एक गोवर्धन उठाना होगा। वह गोवर्धन कोई पत्थर का पहाड़ नहीं, बल्कि विवेक, संयम और करुणा का पहाड़ है, जिसे हम सबको मिलकर थामना है।

गोवर्धन पूजा का एक और गहरा पक्ष है—यह पर्व सामूहिकता का उत्सव है। जब गोवर्धन के नीचे सारा गोकुल एकत्र हुआ था, तब किसी ने किसी की जात, पद या संपत्ति नहीं पूछी थी। सब एक ही छत के नीचे थे—बराबर, सुरक्षित, जुड़ाव में। यह दृश्य बताता है कि संकट के समय समाज को एकता में रहना चाहिए। पर आज हम अपने-अपने घरों के भीतर बंद हैं, पूजा भी निजी हो गई है, और समाज से संबंध केवल औपचारिक रह गए हैं। हमें फिर वही सामूहिकता लौटानी होगी, जिसमें साथ रहना भी पूजा है।

यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि शक्ति का अर्थ केवल भौतिक बल नहीं होता। जब बालक कृष्ण ने पर्वत उठाया था, तब वह शारीरिक नहीं, नैतिक शक्ति थी। आज के युग में वह नैतिक शक्ति सबसे बड़ी कमी बन गई है। हमें हर घर में, हर हृदय में एक छोटा-सा गोवर्धन बनाना होगा—जहाँ श्रद्धा, सादगी और करुणा एक साथ बसें।

अगर गोवर्धन पूजा का सच्चा पालन करना है, तो तीन संकल्प लेने होंगे। पहला, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता—हर पूजा के बाद एक पेड़ लगाना या किसी पशु को भोजन देना। दूसरा, सादगी का पुनर्जागरण—दिखावे की जगह सच्चे भाव अपनाना। और तीसरा, सामूहिकता का पुनर्स्थापन—पूजा को फिर से मिल-जुलकर मनाने की परंपरा लौटाना, ताकि समाज में संवाद और संवेदना जिंदा रहे।

आज का समय ऐसा है जब श्रद्धा की परिभाषा बदल रही है। श्रद्धा अब विज्ञापनों और प्रचार में दिखने लगी है, पर जीवन से गायब हो रही है। हम मंदिरों में झुकते हैं, पर किसी घायल गाय या भूखे इंसान के आगे नहीं रुकते। हम दीये जलाते हैं, पर अपने मन के अंधकार से डरते हैं। यही वह विच्छेदन है जो हमें भीतर से खोखला बना रहा है। गोवर्धन पूजा उस खोखलेपन को भरने का अवसर है—अगर हम चाहें तो। यह पर्व केवल धार्मिक कृत्य नहीं, बल्कि नैतिक अनुबंध है—मनुष्य और प्रकृति के बीच। यह याद दिलाता है कि देवता की पूजा से पहले धरती की सेवा जरूरी है। गोवर्धन पर्वत अब कोई भौतिक शिला नहीं, बल्कि हमारे भीतर का आत्मबल है, जो संकट के समय खड़ा रहता है। इंद्र अब कोई स्वर्गीय देव नहीं, बल्कि हमारी इच्छाओं का प्रतीक है, जो हर सुख पर वर्षा की तरह गिरना चाहता है। और कृष्ण वह विवेक है जो उसे संयम सिखाता है।

जब हम कहते हैं "गोवर्धन पूजा से श्रद्धा बढ़े", तो इसका अर्थ केवल पूजा-पाठ की बढ़ोतरी नहीं, बल्कि आस्था की गहराई से है। श्रद्धा वह शक्ति है जो हमें कर्तव्य के प्रति सचेत करती है। अगर श्रद्धा बढ़ी, तो समाज में संवेदना बढ़ेगी; अगर श्रद्धा गहरी हुई, तो राजनीति में नैतिकता लौटेगी; अगर श्रद्धा सच्ची हुई, तो पर्यावरण बचेगा। हमारे समाज को आज एक ऐसे गोवर्धन की ज़रूरत है जो दिखावे के नहीं, दायित्व के पत्थरों से बना हो। एक ऐसे पर्व की, जो हमें सजावट नहीं, सच्चाई सिखाए। एक ऐसी श्रद्धा की, जो सोशल मीडिया पर नहीं, समाज के भीतर बसे। गोवर्धन पूजा का सार यही है—जहाँ प्रकृति, पशु और मनुष्य एक सूत्र में बंधे हों। कृष्ण का संदेश बहुत सीधा है—"जब संकट आये, तो पर्वत उठाओ, पर मिलकर।" यही वह पंक्ति है जो आज भी उतनी ही प्रासंगिक है जितनी तब थी। अगर हम गोवर्धन पूजा के दिन अपने भीतर यह संकल्प लें कि हम दिखावे से अधिक जिम्मेदारी निभाएँगे, तो यही पूजा सबसे पवित्र होगी।

गोवर्धन पूजा हमें याद दिलाती है कि मिट्टी में ही जीवन की सबसे सच्ची सुगंध है, और उसी मिट्टी से हमारी श्रद्धा भी अंकुरित होती है। वह मिट्टी जो गाय के खुरों से पवित्र होती है, किसान के श्रम से सींची जाती है, और आकाश की धूप से सुनहरी बनती है। जब तक हम इस मिट्टी का आदर नहीं करेंगे, तब तक कोई भी पूजा पूर्ण नहीं होगी। इसलिए इस बार जब दीप जलाएँ, तो साथ एक वचन भी लें—कि गोवर्धन पूजा से केवल घर नहीं, मन भी उजले होंगे। श्रद्धा केवल आरती की लौ में नहीं, व्यवहार की रोशनी में भी दिखेगी। तभी हम सच्चे अर्थों में कह सकेंगे—

"गोवर्धन पूजा से श्रद्धा बढ़े, दिखावा नहीं।"

क्योंकि श्रद्धा बढ़ी तो ईश्वर अपने आप हमारे भीतर उतर आएगा, और शायद तब हमें किसी गोवर्धन की ज़रूरत ही नहीं पड़ेगी—क्योंकि हर मन स्वयं पर्वत बन जाएगा।



## सू- दोकू क्र.205

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.204 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## शब्द सामर्थ्य - 205

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | 4 | 5 | ■ | 6 | 7 |
| ■ | 8 | 9 | | | | ■ | ■ | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | 13 | ■ |
| 14 | | ■ | 15 | ■ | ■ | 16 | | 17 |
| | ■ | 18 | | 19 | 20 | ■ | 21 | |
| 22 | | | ■ | 23 | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | | ■ | 24 | 25 | |
| 26 | | | | ■ | 27 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 28 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 204 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

# भाई-बहन को समर्पित अनूठा, ऐतिहासिक एवं संवेदनात्मक त्यौहार

भाई दूज- 23 अक्टूबर

ललित गर्ग

भ्रातृ द्वितीया (भाई दूज) कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाने वाला हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पर्व है जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। यह दीपावली के दो दिन बाद आने वाला ऐसा पर्व है, जो भाई के प्रति बहन के स्नेह को अभिव्यक्त करता है एवं बहनें अपने भाई की खुशहाली के लिए कामना करती हैं। आज जबकि समाज रिश्तों की गर्माहट से दूर होता जा रहा है, जब व्यक्तिगत स्वार्थों और भौतिक लिप्साओं ने मानवीय संबंधों को हाशिये पर पहुँचा दिया है, तब भाई दूज का पर्व हमें रिश्तों की आत्मीयता, समर्पण और सुरक्षा के शाश्वत मूल्यों की याद दिलाता है। यह पर्व केवल एक पारंपरिक रिवाज नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति की उस भावना का प्रतीक है, जहाँ भाई और बहन का संबंध केवल रक्त का रिश्ता नहीं, बल्कि आत्मीयता, श्रद्धा और अटूट विश्वास का जीवंत स्वरूप है। इसदिन भाई का बहन के घर भोजन करने का विशेष महत्व एवं लाभ है, उसे उत्तम भोजन समेत धन, सुख एवं खुशहाल जीवन की प्राप्ति भी होती रहती है। क्योंकि इसी तिथि को यमुना ने यम को अपने घर भोजन कराया था। कोई बहन नहीं चाहती कि उसका भाई दीन-हीन एवं तुच्छ हो, सामान्य जीवन जीने वाला हो, ज्ञानरहित, प्रभावरहित हो।

हिन्दू धर्म एवं परम्परा में पारिवारिक सुदृढ़ता, सांस्कृतिक मूल्य एवं आपसी सौहार्द के लिये त्यौहारों का विशेष महत्व है। इस त्यौहार को मनाने के पीछे की ऐतिहासिक कथा भी निराली है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान सूर्य नारायण की पत्नी का नाम छाया था। उनकी कोख से यमराज तथा यमुना का जन्म हुआ था। यमुना यमराज से बड़ा स्नेह करती थी। यमुना ने



अपने भाई यमराज को आमंत्रित किया कि वह उसके घर आकर भोजन ग्रहण करें, किन्तु व्यस्तता के कारण यमराज उनका आग्रह टाल जाते थे। यमराज ने सोचा कि मैं तो प्राणों को हरने वाला हूं। मुझे कोई भी अपने घर नहीं बुलाना चाहता। बहन जिस सद्भावना से मुझे बुला रही है, उसकी इच्छा को पूरा करना मेरा धर्म है। बहन के घर आते समय यमराज ने नरक निवास करने वाले जीवों को मुक्त कर दिया। यमराज को अपने घर आया देखकर यमुना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उसने स्नान कर पूजन करके व्यंजन परोसकर उत्तम भोजन कराया। यमुना द्वारा किए गए आतिथ्य से यमराज ने प्रसन्न होकर बहन को वर दिया कि जो भी इस दिन यमुना में स्नान करके बहन के घर जाकर श्रद्धापूर्वक उसका सत्कार ग्रहण करेगा उसे व उसकी बहन को यम का भय नहीं होगा। तभी से लोक में यह पर्व यम द्वितीया के नाम से प्रसिद्ध हो गया। भाइयों को बहनों टीका लगाती है, इस कारण इसे भातृ द्वितीया या भाई दूज भी कहते हैं।

यह पर्व केवल यम और यमुनाजी की कथा तक सीमित नहीं है। भैया दूज भारत में कई जगह अलग-अलग नामों के साथ मनाई जाती है। बिहार में भिन्न रूप में मनाया जाता है, जहां बहनें भाईयों को खूब कोसती हैं फिर अपनी जबान पर कांटा चुभाती हैं और क्षमा मांगती हैं। भाई अपनी बहन को आशीष देते हैं और उनके मंगल के लिए प्रार्थना करते हैं। गुजरात में यह भाई बीज के रूप में तिलक और आरती की पारंपरिक रस्म के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र और गोवा के मराठी भाषी समुदाय के लोग भी इसे भाई बीज के तौर पर मनाते हैं। यहां बहने फर्श पर एक चौकोर आकार बनाती हैं, जिसमें भाई करीथ नाम का कड़वा फल खाने के बाद बैठता है। आज जब रिश्ते औपचारिकता बनते जा रहे हैं, भाई दूज हमें यह स्मरण कराता है कि सगे संबंधों को जीवित और प्रगाढ़ बनाए रखने के लिए केवल व्हाट्सएप संदेश या उपहार काफी नहीं होते, बल्कि आत्मीय मिलन, संवाद और सम्मान जरूरी है।

इस पूजा में भाई की हथेली पर बहनें चावल का घोल लगाती हैं। उसके ऊपर सिन्दूर लगाकर कद्दू के फूल, पान, सुपारी मुद्रा आदि हाथों पर रखकर धीरे-धीरे पानी हाथों पर छोड़ते हुए मंत्र बोलती हैं कि 'गंगा पूजे यमुना को यमी पूजे यमराज को, सुभद्रा पूजा कृष्ण को, गंगा यमुना नीर बहे, मेरे भाई की आयु बढ़े'। एक और मंत्र है- 'सांप काटे, बाघ काटे, बिच्छू काटे जो काटे सो आज काटे' इस तरह के मंत्र इसलिए कहे जाते हैं क्योंकि ऐसी मान्यता है कि आज के दिन अगर भयंकर पशु भी काट ले तो यमराज भाई के प्राण नहीं ले जाएंगे। संध्या के समय बहनें यमराज के नाम से चौमुख दीया जलाकर घर के बाहर रखती हैं। इस दिन एक विशेष समुदाय की औरतें अपने आराध्य देव चित्रगुप्त की पूजा करती है। स्वर्ग में धर्मराज का लेखा-जोखा रखने वाले चित्रगुप्त का पूजन सामूहिक रूप से तस्वीरों अथवा मूर्तियों के माध्यम किया जाता हैं। वे इस दिन कारोबारी बहीखातों की पूजा भी करते हैं। यदि कोई बहन न हो तो गाय, नदी आदि स्त्रीत्व का ध्यान करके अथवा उसके समीप बैठ कर भोजन कर लेना भी शुभ माना जाता है।

भाई दूज रक्षाबंधन से इस मायने में भिन्न है कि जहाँ राखी में बहन रक्षा की कामना करती है, वहीं भाई दूज में वह अपने घर बुलाकर भाई की सेवा करती है और उसे भोजन कराती है। यह सेवा-संस्कृति भारतीय परिवार व्यवस्था की आत्मा रही है।

यह उस अहं को तोड़ता है जो अक्सर पुरुष प्रधान मानसिकता से जन्म लेता है। यह उस संबंध को पुनः प्रतिष्ठित करता है जो केवल रक्षात्मक नहीं, बल्कि संवेदनात्मक और परस्पर समर्पित है। भैया दूज के बारे में प्रचलित कथाएं सोचने पर विवश कर देती हैं कि कितने महान उसूलों और मानवीय संवेदनाओं वाले थे वे लोग, जिनकी देखादेखी एक संपूर्ण परंपरा ने जन्म ले लिया और आज तक बदस्तूर जारी है। आज परंपरा भले ही चली आ रही है लेकिन उसमें भावना और प्यार की वह गहराई नहीं दिखायी देती। अब भैया दूज में भाई-बहन के प्यार का वह ज्वार नहीं दिखायी देता जो शायद कभी रहा होगा। इसलिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधे भैया दूज पर्व का सम्मान करने की।

भाईदूज की परम्परा बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसे भाई की पुकार बहन तक पहुंचती तो बहन हर तरह से भाई की सुरक्षा के लिये तत्पर हो जाती। आज घर-घर में ही नहीं बल्कि सीमा पर भाई अपनी जान को खतरे में डालकर देश की रक्षा कर रहे हैं, उन भाइयों की सलामती के लिये बहनों को प्रार्थना करनी चाहिए तभी भैया दूज का यह पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार शाश्वत एवं व्यापक बन पायेगा। भाईदूज की परंपरा उन परिवारों में भी संबंधों को फिर से जोड़ने का अवसर देती है जहाँ समय, दूरी या विचारों के मतभेद से भाई-बहन के रिश्ते कमजोर पड़ गए हैं। भोजन केवल स्वाद या अनुष्ठान नहीं है, बल्कि एक ऐसा माध्यम है जो भाई-बहन के बीच संवाद को फिर से शुरू करता है, पुराने किस्सों की स्मृति को ताजा करता है, और दिलों को जोड़ता है।

आज की पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है कि पर्व केवल कैलेंडर की तारीखें नहीं हैं, बल्कि वे भारतीय समाज की आत्मा हैं, जो रिश्तों को अर्थ देती हैं, संबंधों में संवाद पैदा करती हैं और संस्कृति को पीढ़ियों तक जीवित रखती हैं। भैया दूज यानी भाई-बहन के प्यार का पर्व। एक ऐसा पर्व जो घर-घर मानवीय रिश्तों में नवीन ऊर्जा का संचार करता है। भाई दूज केवल रस्म नहीं, रिश्तों का पुनर्जन्म है। आज जब समाज टूटन, तनाव और अलगाव से गुजर रहा है, भाई दूज जैसे पर्व रिश्तों के लिए एक सेतु बन सकते हैं- जो न केवल एक दिन का उत्सव हों, बल्कि जीवनभर के लिए संबंधों में स्थायित्व, मिठास और सुरक्षा भर दें।

एक नजर

### आवराभाटा टेकनार चौक में ट्रक की टक्कर से मासूम की मौत

**दंतेवाड़ा,22 अक्टूबर।** जिले के आवराभाटा टेकनार चौक में दीपावली के दिन एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। जहां सड़क पार कर रहे एक चार साल के मासूम को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया, वहीं घायल बच्चे को उपचार के लिए मेकॉज लाया गया था। जहां उपचार के दौरान मंगलवार को बच्चे ने दम तोड़ दिया। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।दंतेवाड़ा थाना प्रभारी ने बताया कि आवराभाटा टेकनार निवासी संतोष खलखो का चार वर्षीय पुत्र अर्पित दीपावली की सुबह घर के बाहर खेल रहा था। खेलने के दौरान किसी काम से सड़क पार करने के लिए जैसे ही निकला तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन को लेकर वहां से फरार हो गया। आस-पास के लोगों ने घायल बच्चे को उपचार के लिए दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल ले गए। जहां खराब हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज जगदलपुर रेफर किया गया। मेकॉज में उपचार के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे के शव का आज पीएम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

### डीईओ कार्यालय में पदस्थ प्यून ने खाया जहर, मौत

**सुकमा।** जिले के चिंगावरम में वर्ष 2010 में हुए विस्फोट में घायल महादेव दूधी उम्र 28 वर्ष निवासी राजामुंडा ने जहर का सेवन कर लिया, जिसे बेहतर उपचार के लिए मेकॉज लाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मंगलवार को उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि महादेव दूधी ने अज्ञात कारण से जहर सेवन कर आत्महत्या कर ली।मृतक महादेव दूधी की पत्नी देवे दूधी ने बताया कि डीईओ कार्यालय में महादेव प्यून के पद पर पदस्थ था, उसने अज्ञात कारणों के चलते जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद से उसकी हालत बिगड़ती देख उसे सुकमा अस्पताल से मेडिकल कॉलेज जगदलपुर लाया गया, जहां आज मंगलवार को उसकी मौत हो गई। मृतक की पांच साल की छोटी बच्ची हंसिका भी है। विदित हो कि 17 मई 2010 को दंतेवाड़ा और सुकमा जिले की सरहद पर चिंगावरम में नक्सलियों ने यात्री बस को आईईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया था। इस घटना में बस में सवार 16 जवान और 15 आम लोग मारे गए थे। हादसे के पीड़ितों में महादेव भी था, जिसके बाद उसे सरकारी नौकरी मिली थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करवाकर परिजनों को सौंप दिया ।

### जिला स्तरीय पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता 23 और 24 अक्टूबर को सेमरा में

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के सौजन्य से जिला स्तरीय पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम सेमरा में स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास 23 और 24 अक्टूबर को सुबह समय 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सभी कृषको एवं पशुपालको से आग्रह किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। 23 अक्टूबर को प्रदर्शनी का उद्घाटन, वत्सय एवं कृषकों से परिचर्चा होगी। 24 अक्टूबर को विभिन्न प्रजाति, नस्ल, आयु समूह तथा उपयोगिता आधारित पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दुधारू गाय भैंस प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, उन्नत बछिया प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, स्वस्थ बछड़ा बछिया प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, सांड प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, बैल भैंस प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, मुर्गी बतख, जापानी बटेर पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, उन्नत बकरा बकरी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता, उन्नत सूकर प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता और विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार विजेताओं को वितरण किया जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों के लिए स्वास्थ्य शिविर 23 और 24 अक्टूबर को

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही।** जिले के वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य परीक्षण तथा 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों का वय वंदना कार्ड पंजीयन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरेला में 23 अक्टूबर को और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेण्ड्रा में 24 अक्टूबर को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने पेण्ड्रा नगरपालिका अधिकारी गौरेला एवं पेण्ड्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गौरेला एवं पेण्ड्रा और खण्ड चिकित्सा अधिकारी गौरेला एवं पेण्ड्रा को परिपत्र जारी कर शिविर का प्रचार-प्रसार करने और सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं पेंशनरों को स्वास्थ्य शिविर का लाभ दिलाने कहा है।

### चेमा गांव के जंगल मे भालू के उत्पात से ग्रामीम दहशत में



**कोंडागांव।** जिले के वन परिक्षेत्र मर्दापाल के मलनार-नाहकानार-चेमा गांव के जंगल में वन्य प्राणी भालू के उत्पात से ग्रामीण और वनकर्मी दहशत में हैं । यह भालू अचानक जंगल मार्ग पर आ धमका और ग्रामीणों समेत वन विभाग की टीम के वाहनों पर हमला कर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, जब ग्रामीण और वनकर्मी नियमित निरीक्षण के लिए जंगल की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में भालू उनपर झपट पड़ा। हालांकि सभी लोग किसी तरह जान बचाकर भागने में सफल रहे, परंतु भालू ने उनके वाहनों को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया। घटना के वीडियो में भालू गाड़ियों पर झपटते और उग्र रूप में घूमते हुए दिख रहा है।

दो दशकों के चले आ रहे नक्सल संघर्ष का यह दौर निर्णायक साबित हो रहा

# बस्तर के नक्सल प्रभावित इलाकों में 29 दिनों से नहीं हुई कोई मुठभेड़, वर्षों बाद गोलियों की आवाज थमी



**जगदलपुर,22 अक्टूबर।** बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में कई वर्षों के बाद गोलियों की आवाज थम गई है । बस्तर में पिछले दो दशकों से चले आ रहे नक्सल संघर्ष में यह दौर निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। सरकार ने भले ही नक्सलियों के विरूद्ध औपचारिक रूप से युद्धविराम की घोषणा नहीं की हो, लेकिन लगातार चल रहे मुठभेड़ों के बीच यह पहली बार है, जब पिछले 29 दिनो से कोई मुठभेड़ नही हुआ है, सूत्र बता रहे हैं कि सरकार ने नक्सलियों के लिए एक टाइम लिमिट तय करके उन्हें आपसी चर्चा के लिए कुछ वक्त दिया है। पुलिस-नक्सली मुठभेड़ों का गढ़ माने जाने वाले बस्तर में अब एक शांति स्थापना के लिए कई तरह से पहल की जा रही है। इसलिए अब नक्सलियों को अपने साथियों के साथ निर्णय लेने में सहूलियत हो रही है, और लगातार बड़ी संख्या में आत्मसमर्पण का दौर जारी है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने नक्सलियों के विरूद्ध औपचारिक रूप से युद्धविराम के सवाल को इंकार करते हुए उन्होने कहा कि आपरेशन कभी भी बंद नहीं होता, शासन का पहले से भी निर्णय है कि हथियार छोड़कर नक्सली यदि मुख्य धारा में आना चाहते हैं, तो उनका स्वागत है, लेकिन हथियार लेकर जनता के जान-माल का नुकसान करने का प्रयास यदि कोई करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा।

विदित हो कि विगत 29 दिन पहले 23 सितंबर 2025 को नारायणपुर जिले के महाराष्ट्र सीमा क्षेत्र में फरसबेड़ा और तोयमेटा के जंगल में मुठभेड़ हुई थी, जिसमें 2.16 करोड़ रुपये के ईनामी केंद्रीय समिति सदस्य राजू दादा उर्फ कट्टा रामचंद्र रेड्डी उर्फ गुड़सा उसेंडी उर्फ विजय और कोसा दादा उर्फ कादरी सत्यनारायण रेड्डी उर्फ गोपन्ना उर्फ बुचन्ना को ढेर कर दिया था। अब गोलियों की आवाज थम जाने से बस्तर संभाग में इसी खामोशी के बीच हथियार बंद नक्सलियों का बड़ी संख्या में हथियार के साथ आत्मसमर्पण का रिकॉर्ड बन रहे हैं ।नक्सल संगठन के भीतर वैचारिक मतभेद, संसाधनों की कमी और लगातार जारी सुरक्षा बलों के दबाव ने नक्सल संगठन की पकड़ कमजोर कर दी है। वहीं सरकार की नई रणनीति ऑपरेशन से ज्यादा संवाद अब असर दिखाने लगा है। पुलिस-नक्सल मुठभेड़ों का गढ़ माने जाने वाले बस्तर में अब शांति स्थापना के लिए कई तरह से पहल की जा रही है। नक्सलियों को आत्मसमर्पण के लिए सरकार अघोषित सेफ कॉरिडोर दे रही है। गृहमंत्री विजय शर्मा ने इसी महीने की 1 तारीख को कहा था, कि हम आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियो को सेफ कॉरिडोर देंगे, किसी को कोई खतरा नहीं है, बेखौफ होकर वापस आएं। गृहमंत्री के 20 दिन पुराने बयान के मायने अब स्पष्ट हो रहे है। साथ ही सरकार ने पहले स्पष्ट किया था, कि वह किसी तरह के हिंसा को बर्दाश्त नहीं करेगी, लेकिन जमीनी हालात बता रहे हैं कि अब सब कुछ पहले जैसा नहीं है। पहले 20 महीने में जहां रेकॉर्ड मुठभेड़ हुए। नक्सलियों के सुप्रीम लीडर बसव राजू को भी उसी दौर में मारा गया। अब नई परिस्थिति में भूपति उर्फ सोनू जैसे नंबर 2 कैडर के बड़े नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी सदस्य रूपेश सहित बस्तर में 210 नक्सलियों का आत्मसमर्पण भी इसी बड़े बदलाव का परिणाम है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि नक्सलियों के लिए कोई सेफ कॉरिडोर की घोषणा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि विगत दिनों नक्सलियों के केंद्रीय कमेटी के सदस्य रूपेश सहित बस्तर में 210 नक्सलियों ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया और हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्य धारा में लौटे हैं, सरकार ने उनका स्वागत किया और पुर्नवास की सुविधा प्रदान कर रही है। बस्तर संभाग में बचे हुए सक्रिय नक्सलियों से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अभी भी वक्त है, नक्सली मुख्य धारा में लौटते हैं, तो अच्छा होगा अन्यथा उनको गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

# बैठक में कलेक्टर ने अहम आयोजनों की तैयारी की समीक्षा की

## अधिकारियों को समयबध्द कार्रवाई के निर्देश दिए





**महासमुंद 22 अक्टूबर ।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज समय-सीमा की बैठक सुबह 10 बजे आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर श्री सचिन भूतड़ा एवं श्री रवि साहू, सभी एसडीएम तथा जिला स्तरीय अधिकारी, जनपद सीईओ एवं अधिकारियों ने भाग लिया।बैठक में आगामी महत्वपूर्ण आयोजनों और योजनाओं की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

कलेक्टर लंगेह ने बताया कि राज्योत्सव कार्यक्रम 2 से 4 नवंबर तक मिनी स्टेडियम, महासमुंद में गरिमा पूर्ण रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष की उपलब्धियों को दर्शाते हुए विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, मंच व्यवस्था एवं सामग्री वितरण सूची शीघ्र तैयार की जाए ताकि आयोजन उत्कृष्ट और अनुकरणीय हो।

### मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना - 323 यात्री होंगे रवाना

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 27 अक्टूबर को 323 यात्री रवाना होंगे। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने और सभी विकासखंडों को लक्ष्यानुसार जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होगी। इसके लिए 16 चेक पोस्ट बनाए गए हैं ताकि अवैध परिवहन और आवक पर नियंत्रण रखा जा सके। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे चालू स्थिति में रहें, टीमें नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें और धान खरीदी नीति के 29 बिंदुओं की चेकलिस्ट अनुसार तैयारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल पर शेष किसानों के पंजीयन को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी रबी सीजन में दलहन-तिलहन फसलों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने कहा कि इसके लिए मैदानी अमला को विशेष अभियान चलाकर किसानों को के बीच जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में शेष आवासों को पूर्ण करने तथा लंबित स्वीकृतियां शीघ्र जारी करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के तहत जिले को नवीन 5360 का स्वीकृति प्राप्त हुआ है। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के अनुसार खाद्य विभाग को आबंटन की प्रक्रिया आगामी 15 दिनों में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### पीएम सूर्यघर योजना में 920 सोलर पैनल स्थापित

कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत अब तक 920 हितग्राहियों को सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। उन्होंने विद्युत विभाग को अधिक से अधिक हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने हेतु प्रेरित करने कहा।

### विद्यार्थियों के आधार आईडी के लिए शिविर

कलेक्टर श्री लंगेह ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के आधार आईडी निर्माण हेतु शिविर आयोजित किए जाएं ताकि किसी भी छात्र को शैक्षणिक योजनाओं के लाभ से वंचित न रहना पड़े। उन्हें पहले से सभी डॉक्यूमेंट की जानकारी देने निर्देश दिए।

# नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने सफाई में दिखाई तत्परता

**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** दिवावली त्योहार के लिए लोग उत्साह से खरीदारी करते है, जिसके कारण बाजार सहित शहर के प्रमुख मार्ग के अलावा सभी क्षेत्रों में अत्याधिक भीड हो जाती है। साथ ही बड़े छोटे दुकानो के अलावा ठेला, खोमचा, पसरा, लगाकर बाजार क्षेत्र एवं चौक चौराहो में समाग्री विक्रय करने वालो के कारण भी अत्याधिक मात्रा में कचरा एकत्रित हो जाता है। उक्त कचरे की सफाई के लिए नगर निगम का स्वास्थ्य अमला ने तत्परता दिखाई और दीपावली के दूसरे दिन सुबह से शहर में चौक चौराहो, मुख्य मार्गो व सडकों मे फैले त्योहारी कचरे की सफाई किए। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा स्वयं निरीक्षण कर स्वास्थ्य कर्मियों का हौसला बढ़ाया।

नगर निगम का स्वास्थ्य अमला सक्रिय भागीदारी निभाकर प्रतिदिन शहर की सफाई कार्य में लगे रहते है। एक ओर जहॉ सफाई कर्मी शहर की नाली व नालो की सफाई के अलावा चौक चौराहो, मोहल्ले की सड़को व गलियो का कचरा साफ करते है, वही स्वच्छता दीदीयॉ घर घर कचरा संग्रहण कर एसएलआरएम सेन्टर में कचरे का निपटान करते है। बरसात के पूर्व नाली नालो तथा त्योहारी सीजन में व बड़े छोटे आयोजनो के पश्चात गैंग के माध्यम से साफ सफाई की जाती है, ताकि शहर का उक्त क्षेत्र साफ सुथरा होकर पूर्व की स्थिति में आ जाए।

हिन्दुओ का सबसे बड़ा पर्व दिपावली त्योहार जिसमें पूरे शहर में भीड का माहोल रहता है तथा दुकानो के अलावा चौक चौराहो में ठेला पसरा के कारण बाजार क्षेत्र एवं मुख्य मार्गो में भारी मात्रा में कचरा, प्लास्टिक, पालीथीन पेपर आदि एकत्रित हो जाता है, जिसे निगम के सफाई अमला ने दिवाली के दूसरे दिन सुबह से तत्परता के साथ कचरा उठाए। जयस्तंभ चौक, गंज चौक, नंईद चौक आदि चौक चौराहो के अलावा बाजार एवं मुख्य मार्ग में सफाई अभियान चलाकर कचरा साफ किया गया।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा स्वयं सुबह शहर में निरीक्षण कर सफाई कर्मियो का हौसला बढ़ाए। उन्होंने शहर के बाजार एवं मुख्य मार्गो के अलावा फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सफाई देख कचरा उठाने कहा। उन्होंने कहा कि शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करे, नाली से कचरा निकालने के उपरांत कचरा तुरंत उठावे। उन्होंने दुकानदारो एवं पसरा वालो से भी कहा कि अपने दुकान व पसरा से निकलने वाला कचरा, कचरा गाडी में ही डाले, डस्टबिन का उपयोग करे।

# भूस्खलन से किरंदुल-विशाखापत्तनम मार्ग बाधित



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर को ओडिशा और आंध्र प्रदेश से जोडने वाली किरंदुल-कोत्तावालसा रेल लाइन पर रविवार सुबह करीब 4 बजे हुई भारी बारिश के कारण लैंड स्लाइड हो गया है। चट्टान के टुकड़े पटरियों पर आ जाने से त्याडा और चिपुरुपल्ली के बीच रेल सेवाएं बाधित हो गईं है। वहीं रेलवे ने किरंदुल कोत्तावालसा रेल लाइन पर चलने वाली किरंदुल विशाखापट्टनम ट्रेन को रद्द कर दिया है।

किरंदुल-कोट्टावलसा रेलवे लाइन पर भूस्खलन से जब बड़े-बड़े पत्थर और मलबा पटरियों पर गिर गया, जिससे एक मालगाड़ी बीच रास्ते में ही रुक गई। रेलवे अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया और मलबा हटाने का काम शुरू करने के लिए टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पटरी को बहाल करने के प्रयास जारी हैं । एहतियाती उपाय के तौर पर, किरंदुल-विशाखापत्तनम खंड पर चलने वाली सभी ट्रेनें रविवार के लिए रद्द कर दी गई हैं। अधिकारियों ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है और आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द सामान्य रेल सेवाएं फिर से शुरू करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। भारी बारिश के कारण निकटवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में संभावित भूस्खलन की चिंता भी बढ़ गई है, जिसके कारण रेलवे और स्थानीय प्रशासन अलर्ट पर है।

# सहायक शिक्षक-समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष निर्वाचित हुए महेश



**बीजापुर,22 अक्टूबर।** जिले के परधान सामाजिक भवन में छग. सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय आव्हान पर चुनाव पर्यवेक्षक तिरपेश चापड़ी एवं समस्त शिक्षको की उपस्थिति में आज रविवार को लोकतांत्रिक तरीके से मतदान के जरिए जिला अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ,निर्वाचन के बाद महेश यालम को जिला अध्यक्ष घोषित किया गया।

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत जिला अध्यक्ष चुनाव के लिए एक दिन पूर्व चार उम्मीदवार महेश यालम, सुनील झाड़ी, जयहिंद लाटकर व रमेश दुर्गम ने नामांकन दाखिल किया,नाम वापसी नही होने पर मतदान का समय निर्धारित कर मतदान की घोषणा की गई, जिसमे जिले के चारों ब्लाक के ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप साहनी,सुरेश गोटा, कमल नारायण कुंजाम व अरविंद बुरका के द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से अपने मत का प्रयोग कर मतदान किया गया, मतदान के दौरान शिक्षकों की अच्छी खासी उपस्थिति थी, निर्धारित समय पर मतदान समाप्ति की घोषणा के बाद मत पत्रो की गिनती की गई जिसमे जयहिंद लाटकर को शून्य मत,महेश यालम को 3 मत,रमेश दुर्गम को शून्य मत व सुनील झाड़ी को 1 मत प्राप्त हुए, प्राप्त मतों के आधार पर चुनाव पर्यवेक्षको द्वारा महेश यालम को जिला अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव सम्पन्न के बाद चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा चारो ब्लाक अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष को निर्वाचन प्रमाण प्रदाय किया गया। सभी शिक्षकों ने नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्षो का फूल माला पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी। नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष महेश यालम ने चारो ब्लाक अध्यक्ष व सभी शिक्षकों का आभार प्रकट करते हुए संगठन के लिए कार्य करने व सभी को साथ लेकर चलने की बात कही। इस निर्वाचन प्रक्रिया के संपन्न में प्रमुख रूप से पुरषोत्तम झाड़ी,राजेश मिश्रा,महेश शेट्टी, इकबाल खान,राकेश गिरी, सुशील हेमला, बाबूलाल गांधरला, मोहसिन खान,शेखर अप्पा जी,रमन झा,प्रशांत पामभोई, प्रफुल्ल कुमार,राजेन्द्र ठाकुर व अन्य शिक्षक साथियों की उपस्थिति रहे।

# मनोविकास केंद्र के छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर बलौदाबाजार जिले का मान बढ़ाया



**बलौदाबाजार, 22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ के मनोविकास केन्द्र के 5 बच्चों ने 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में योग प्रदर्शन किया। मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार के प्रतिभावान छात्रों ने गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश और जिले का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मनोविकास केन्द्र के बच्चों की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि प्रदेश का नाम इसी तरह रौशन करते हुए आगे बढ़ें। अंतर्राष्ट्रीय फेस्ट में हिस्सा लेकर वापस आने पर शुक्रवार को कलेक्टर से छात्रों ने मुलाक़ात की और अपने अनुभव साझा किये।

मनोविकास केन्द्र के नोडल अधिकारी आशा शुक्ला ने बताया कि केंद्र के छात्र कुलदीप निर्मलकर, तुषार सेन पुष्कर कुमार साहू, लोकेश कुमार वर्मा एवं किशन यादव का चयन अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में भाग लेने के लिए हुआ था। फेस्ट में छात्रों के द्वारा लगभग 12 मिनट का योग प्रदर्शन प्रस्तुत कर दिव्यांगजनों की क्षमताओं और समावेशन की भावना को उजागर किया। इस फेस्ट में भाग लेकर छात्रों ने निश्क्तजनों के लिए हो रहे नवाचार के कार्यो को जाना।

### दिव्यांगजनों की रचनात्मक प्रतिभा जीवंत प्रदर्शन

अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 को दिव्यांगजनों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सशक्तिकरण के एक जीवंत उत्सव के रूप में देखा जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, गोवा सरकार के राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय, तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं संयुक्त राष्ट्र भारत के सहयोग से किया जा रहा है। पर्पल फेस्ट का उद्देश्य दिव्यांगजनों के समावेशन, पहुंच और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह महोत्सव समाज में जागरूकता फैलाने, उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करता है जहां प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा और समान अवसरों के साथ जीवन जीने का अधिकार हो।

# छत्तीसगढ़ में दूसरे राज्यों के नक्सलियों को भेजा जा रहा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में बीते तीन दिनों के भीतर पोलित ब्यूरो सदस्य एवं केंद्रीय क्षेत्रीय ब्यूरो (सीआरबी) सचिव भूपति और केंद्रीय समिति सदस्य तथा दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी (डीकेएसजेडसी) प्रवक्ता रूपेश उर्फ विकल्प सहित 271 माओवादियों के सामूहिक आत्मसमर्पण से नक्सली संगठन की कमर तोड़ दी है। इस घटना के साथ ही बस्तर संभाग में माओवादी हिंसा का अंतिम अध्याय प्रारंभ हो गया है। बस्तर, कोंडागांव और दंतेवाड़ा जिले पहले ही माओवादी प्रभाव से मुक्त घोषित हो चुके हैं। नारायणपुर, कांकेर और अबूझमाड़ के जंगलों से भी माओवादी प्रभाव लगभग समाप्त हो गया है। यानी, बस्तर का आधे से अधिक भूभाग अब नक्सलवाद के दंश से मुक्त हो चुका है।बस्तर के माड़वी हिड़मा, एवं बारसे देवा के खात्में के साथ ही पूरा बस्तर नक्सल मुक्त हो जायेगा। वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में नक्सली संगठन कमजोर होने के कारण अब दूसरे राज्यों से नक्सलियों को यहां भेजा जा रहा है। आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, झारखंड और केरल के संगठन से जुड़े लोग छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। वहीं नक्सलियों के बड़े लीडर लगातार ऑपरेशन की वजह से हथियार छिपाकर बड़े शहरों में रहने लगे हैं। झुग्गी-बस्तियों और लेबर क्वार्टर में रहकर वे सरकार के मूवमेंट पर नजर रख रहे हैं, कई बड़े लीडर राज्य से बाहर चले गए हैं। अब बाकी बचे छोटे कैडर सदस्य भी शहरों की ओर रुख कर रहे हैं।

# संतों की कृपा और जनता के विश्वास से ही संभव हुआ सुशासन का दीपोत्सव:मुख्यमंत्री



**रायगढ़, 22 अक्टूबर।** दीपावली के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज रायगढ़ जिले के लैलूंगा तहसील के ग्राम भुईयांपानी पहुंचे। यहां उन्होंने गुरुधाम में आयोजित दीप महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर अपने आराध्य संत गुरुदेव स्वामी धनपती पंडा जी एवं श्रीमती प्रेमशीला पंडा की प्रतिमाओं के समक्ष नमन कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, यह दीपोत्सव हर घर में उजियारा और हर जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं प्रेम का प्रकाश फैलाए। गुरु का आशीर्वाद सदैव हम सब पर बना रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिवमंदिर में जाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और हनुमान मंदिर एवं वटवृक्ष की पूजा-अर्चना भी की।

मुख्यमंत्री श्री साय का अपने गुरु स्वामी धनपती पंडा जी के प्रति गहरा भावनात्मक जुड़ाव रहा है। महज दस वर्ष की आयु से ही वे उनके अनुयायी हैं और आज भी अपने जीवन के हर महत्वपूर्ण निर्णय से पूर्व गुरु का आशीर्वाद लेना नहीं भूलते। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे इस पवित्र गुरु-शिष्य परंपरा का पूर्ण निष्ठा से पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, गुरुदेव के सान्निध्य ने मुझे सेवा, सादगी और समर्पण का मार्ग सिखाया है। उनके संस्कारों और आशीर्वाद से ही मैं जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ पाया हूं। गुरुदेव ने सिखाया है कि माता-पिता ही हमारे सबसे बड़े गुरु हैं। उनकी सेवा से ही जीवन में सच्चा आनंद और पूर्णता प्राप्त होती है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह संतों और प्रदेश की जनता का ही आशीर्वाद है कि एक किसान का बेटा मुख्यमंत्री बना है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के 22 महीनों में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के विकास के लिए राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस प्रदान किया गया। धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 21 क्विंटल प्रति एकड़ कर दी गई है। धान का समर्थन मूल्य 3,100 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1,000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। ई-गवर्नेंस प्रणाली की शुरुआत हो चुकी है और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। भूमिहीन मजदूर सहायता योजना, तेंदूपत्ता खरीदी 5,500 प्रति मानक बोरा, रामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना जैसी अनेक जनहितकारी योजनाएं जनहित सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं, जिनमें गुरुधाम में 1 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण, महतारी सदन के लिए 29 लाख रुपए के साथ ही गुरुधाम में हाईमास्ट लाइट, तालाब का सौंदर्यीकरण, बोर खनन एवं अन्य स्थानीय आवश्यकताओं के लिए घोषणा की।इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने उपस्थित सभी लोगों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस संसार में गुरु से बढ़कर कोई नहीं है। गुरु ही वह प्रकाशस्तंभ हैं जो हमें अंधकारमय जीवन से निकालकर ज्ञान, अनुशासन और नैतिकता के पथ पर अग्रसर करते हैं। गुरु की प्रेरणा ही जीवन में सच्चा आनंद, आत्मिक शांति और सर्वोच्च सुख प्रदान करती है। उनका मार्गदर्शन जीवन को अर्थपूर्ण बनाता है। मौके पर राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर महापौर नगर निगम श्री जीवर्धन चौहान, संत सनातन धर्मदेवी संत समाज के अध्यक्ष श्री सहदेव पंडा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, श्री सत्यानंद राठिया, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### छात्राओं को कॉलेज शिक्षा के लिए मिलेगी सालाना 30,000 की सहायता

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की छात्राओं की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब राज्य के सरकारी स्कूलों से 10वीं एवं 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं को महाविद्यालयीन शिक्षा के लिए 30,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सरकार के इस फैसले से आर्थिक रूप से कमजोर तबके की छात्राओं को अब पढ़ाई के बीच में रुकावट का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बनकर अपने करियर की दिशा तय कर सकेंगी। इस योजना के तहत पात्रता के लिए छात्रा को छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी विद्यालय से 10वीं और 12वीं की परीक्षा पास करनी होगी। जिसके बाद वे प्रतिमाह ढ़ाई हजार रुपए, सालाना 30,000 की सहायता राशि प्राप्त कर सकेगी।



## मुख्यमंत्री साय का लैलूंगा सिरकीनारा स्कूल ग्राउंड हेलीपैड पर किया गया आत्मीय स्वागत

**रायगढ़, 22 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज तहसील लैलूंगा के ग्राम सिरकीनारा स्थित स्कूल मैदान हेलीपैड पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन पर लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर निगम रायगढ़ के महापौर श्री जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, श्री सत्यानंद राठिया, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

### स्व सहायता समूह की महिलाओं आजीविका आधारित गतिविधियों की दी गई जानकारी

**जशपुरनगर, 22 अक्टूबर।** रजत जयंती के अवसर पर विगत दिवस कलस्टर संगठन एवं ग्राम संगठन के संयुक्त तत्वावधान में पीड़ी गांव, घोलेंगे, लोदाम, बोकी एवं जशपुर कलस्टर की स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आजीविका आधारित गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई।जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की गई। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने हेतु उन्हें स्वरोजगार, उद्यमिता एवं समूह-आधारित आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है।

महिलाओं को विभिन्न आजीविका विकल्पों जैसे कृषि आधारित उद्योग, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण आदि की विस्तृत जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

## एक नजर

### पुलिस स्मरण दिवस पर कोंटा में शहीदों को किया नमन

**सुकमा, 22 अक्टूबर।** पुलिस उप महानिरीक्षक (परिचालन) कार्यालय कोन्टा एवं 217वीं वाहिनी, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, कोन्टा द्वारा आज वाहिनी मुख्यालय परिसर में ÷पुलिस स्मरण दिवस बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर श्री विरेन्द्र कुमार (द्वितीय कमान अधिकारी) ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि ÷भारत की एकता एवं अखण्डता को बनाए रखने में हमारे बल के जवानों ने सदैव अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहना चाहिए। कुमार ने पिछले एक वर्ष के दौरान देश की रक्षा करते हुए शहीद हुए वीर कार्मिकों के नामों का वाचन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। उन्होंने 21 अक्टूबर 1959 की उस ऐतिहासिक घटना का स्मरण कराया जब लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में सीआरपीएफ की एक छोटी टुकड़ी ने चीनी सैनिकों से लोहा लेते हुए अद्वितीय वीरता और बलिदान का परिचय दिया था। इन्हीं शूरवीरों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष यह दिवस मनाया जाता है।इस अवसर पर श्री सौरभ कुमार सिंह (उप कमाण्डेन्ट), डॉ. मंदीप सिंह (एस.एम.ओ.), श्री आर.सी. चन्द्रन (सहायक कमाण्डेन्ट, मत्रां.) सहित अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने शहीदों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित कर देश की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के लिए अपने समर्पण का संकल्प दोहराया।

### दीपावली पर प्रधानमंत्री आवास स्व-सहायता समूह की दीदीयों के दीयों से हुए रौशन

**सुकमा, 22 अक्टूबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा श्री मुकुन्द ठाकुर के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सुकमा जिले के विकासखंड कोटा, सुकमा एवं छिंदगढ़ में दीपावली पर्व पर एक अनूठी पहल देखने को मिली। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत गठित स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा बनाए गए सुंदर पर्यावरण-हितैषी मिट्टी के दीये प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 425 हितग्राहियों को प्रदान किए गए। इस अवसर पर निर्मित एवं निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों को दीपों से सजाया गया, जिससे न केवल लाभार्थियों के घर जगमगाए बल्कि उनके चेहरों पर भी खुशी की रौशनी खिल उठी। जहाँ पूर्ण हो चुके आवासों के हितग्राहियों को यह दीये सम्मान स्वरूप भेंट किए गए, वहीं निर्माणाधीन आवासों के लाभार्थियों को समय पर निर्माण पूर्ण करने की प्रेरणा स्वरूप दिए गए। इस पहल से न केवल दीदियों की आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिला, बल्कि ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आत्मनिर्भरता और सामुदायिक सहयोग का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत हुआ।

### जिले में राज्योत्सव का भव्य आयोजन 2 से 4 नंवबर तक

**रायगढ़, 22 अक्टूबर।** छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशन में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर समस्त जिला मुख्यालय में 2 से 4 नवम्बर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम रायगढ़ में राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा।कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने राज्य स्थापना दिवस समारोह के आवश्यक तैयारी एवं समुचित व्यवस्था हेतु जिले में पदस्थ विभागीय अधिकारियों को कार्य संपादन किए जाने हेतु दायित्व सौपा है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में स्टॉल व्यवस्था/25 वर्षों की विकास यात्रा पर आधारित प्रदर्शनी के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग को जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह समारोह में बांस-बल्ली की व्यवस्था हेतु वन विभाग एवं मंच तथा पंडाल की संपूर्ण व्यवस्था का जिम्मा लोक निर्माण विभाग को दिए है।

# पुलिस स्मृति दिवस पर ओ.पी.चौधरी ने शहीद परिवारों को किया सम्मानित

**रायगढ़, 22 अक्टूबर।** उर्दना स्थित शहीद स्मृति गार्डन में पुलिस स्मृति दिवस समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने शहीदों के सर्वोच्च बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए कहा कि समाज और देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि जिले के कई शहीदों के नाम पर स्टेडियम और उद्यानों का नामकरण किया जा चुका है तथा शेष शहीदों के नाम पर भी प्रमुख स्थलों का नामकरण किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उनके योगदान को याद रख सकें। समारोह में उन्होंने शहीदों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर निगम रायगढ़ के महापौर श्री जीवर्धन चौहान उपस्थित रहे।



उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष 21 अक्टूबर को मनाए जाने वाले पुलिस स्मृति दिवस पर आज रायगढ़ जिले में शहीद स्मृति गार्डन, उर्दना में भावपूर्ण परेड का आयोजन किया गया। यह दिवस वर्ष 1959 में लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में चीनी सेना के हमले में शहीद हुए दस पुलिस जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति में तैनात केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के गश्ती दल पर चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था, जिसमें दस वीर जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। तीन सप्ताह बाद चीन ने शहीद जवानों के पार्थिव शरीर भारत को लौटाए थे, जिनका अंतिम संस्कार लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में राजकीय सम्मान के साथ किया गया था।

आयोजित शहीद परेड में पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल द्वारा 1 सितम्बर 2024 से 31 अगस्त 2025 तक ड्यूटी के दौरान शहीद हुए सभी रैंक के 191 पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया गया। इसके उपरांत परेड कमांडर के आदेश पर शोक शस्त्र क्रिया और शहीदों को भावपूर्ण सलामी दी गई। रक्षित निरीक्षक अमित सिंह की अगुवाई में परेड की कमान प्लाटून कमांड उज्लार सिन्हा ने संभाली, जबकि दो टोलियों के कमांड एएसआई नरसिंग नाथ यादव और एएसआई सुमन चौहान ने संभाले।इस अवसर पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, डीएफओ श्री अरविंद पी.एम., सीईओ जिला पंचायत श्री अभिजीत बबन पठारे, सेनानी 6वीं वाहिनी श्रीमती निवेदिता पॉल, उप सेनानी श्री बृजेश तिवारी तथा शहीदों के परिजन एवं बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले को दी बड़ी सौगात



**जशपुरनगर 22 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगातार प्रभावी कदम उठा रहे हैं। अब मुख्यमंत्री ने जशपुर जिले के फरसाबहार , करडेगा महाविद्यालयों के संचालन के लिए शिक्षकीय और कार्यालयीन कर्मचारियों की पदस्थापना की स्वीकृति दी है। इस कदम से प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में युवाओं को उच्च शिक्षा के अवसर मिलने की दिशा में एक नया अध्याय शुरू होगा। मुख्यमंत्री की इस पहल से जशपुर जिले के फरसाबहार, दुलदुला के करडेगा ,बस्तर के नगरनार और किलेपाल में नवीन महाविद्यालयों का संचालन संभव हो सकेगा। छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग ने इन महाविद्यालयों के लिए एक-एक प्राचार्य, 48 सहायक प्राध्यापक, 4 ग्रंथपाल, 4 क्रीड़ाधिकारी और 4 प्रयोगशाला सहायक पदों को स्वीकृति दी है। अब राज्य सरकार इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करेगी।

जशपुर जिले के छात्रों के लिए बड़ी राहतमुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस कदम से जशपुर जिले के छात्रों के लिए बड़ी राहत की खबर है। जिले के फरसाबहार और दुलदुला के करडेगा में महाविद्यालयों के स्थापना से स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के क्षेत्र में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।फरसाबहार में लंबे समय से महाविद्यालय की मांग की जा रही थी।अब यहाँ महाविद्यालय स्थापित होने से यहाँ के छात्रों को तपकरा या बागबहार की ओर दौड़ने की आवश्यकता नहीं होगी। विशेष रूप से छात्राओं को इस पहल से घर के पास ही उच्च शिक्षा की सुविधा मिलेगी।वहीं, दुलदुला ब्लॉक के करडेगा में चारों ओर घने जंगल हैं, और छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए ब्लॉक मुख्यालय दुलदुला जाना पड़ता था।अब यहाँ भी महाविद्यालय के संचालन से छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में होने वाली दिक्कतें समाप्त हो जाएंगी।प्रदेश में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण कदमइस कदम के साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह राज्य के युवा और शिक्षा क्षेत्र के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश में उच्च, तकनीकी और स्वास्थ्य शिक्षा के विस्तार के लिए इस तरह के कदम शिक्षा के स्तर को सुधारने और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में सहायक साबित होंगे। मुख्यमंत्री के इस पहल का जशपुर जिले के छात्रों और उनके परिवारों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा उनका आभार व्यक्त किया है।

# 40 सीटों में होगा एडमिशन, राज्य के एमबीबीएस पास छात्रों को मिलेगा फायदा

**रायगढ़, 22 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार और युवाओं के लिए राज्य में ही मेडिकल शिक्षा की सुविधा को लेकर काफी संवेदनशील है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी की पहल पर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली ने स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ को पीजी के चार नये कोर्स जनरल सर्जरी विभाग 04, मेडिसिन विभाग 04, प्रसुति एवं स्त्रीरोग विभाग 02, एवं चर्मरोग विभाग 02 सीटो को दी मंजूरी।




राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली के द्वारा नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी दिए जाने पर सीटों में वृद्धि से राज्य में एमबीबीएस पास करने वाले मेडिकल के छात्रों को लाभ मिलेगा। राज्य में ही पीजी पाठ्यक्रम में प्रवेश बढ़ने से छात्रों को राज्य में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मौका मिलेगा।

अधिष्ठाता डॉ. विनीत जैन ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली ने स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ में पीजी के चार नये कोर्स जनरल सर्जरी विभाग 04 , मेडिसिन विभाग 04, प्रसुति एवं स्त्रीरोग विभाग 02, एवं चर्मरोग विभाग 02 सीटो के मंजूरी उपरांत पीजी कोर्स (एमडी/एमएस )की सत्र 2025-26 में पूर्व से चालू पीजी कोर्स (एनाटॉमी , फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, पैथोलॉजी, एफ एम टी, कम्यूनिटीमेडिसिन, मनोरोग, आर्थो, एनेस्थीसिया, कान नाक गला विभाग ) सहित 40 सीटों में एडमिशन होगा। जिसका फायदा राज्य के एमबीबीएस पास छात्रों को मिलेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य को ज्यादा से ज्यादा विशेषज्ञ डॉक्टर मिलेंगे।

### भारत पदयात्रा की तैयारियों को लेकर सांसद लोकसभा राधेश्याम राठिया ने ली बैठक

## जिले में पदयात्रा12 नवंबर को घरघोड़ा से प्रारंभ होकर तमनार में होगी पूरी

रायगढ़, 22 अक्टूबर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम भारत पदयात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन युवाओं में राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को सशक्त करने हेतु किया जा रहा है। रायगढ़ जिले में यह पदयात्रा आगामी 12 नवंबर 2025 को घरघोड़ा से प्रारंभ होकर तमनार में संपन्न होगी। साथ ही सांसद खेल महोत्सव का आयोजन ग्रामीण स्तर से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक होगा, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाईन पोर्टल पर लॉग इन कर अपने पसंदीदा खेल का चयन करते हुए 27 अक्टूबर तक पंजीयन कर सकते है।

उक्त आयोजन की तैयारियों को लेकर लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने आज जनपद पंचायत धरमजयगढ़ के सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मौके पर सांसद श्री राठिया ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जनपद पंचायत सीईओ को प्रत्येक विकासखंड से 5 हजार प्रतिभागियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि पंजीयन कार्य को समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाए ताकि आयोजन व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो। बैठक में नगर निगम महापौर श्री जीवर्धन चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आगामी रणनीति को अंतिम रूप देने हेतु सांसद श्री राठिया की अध्यक्षता में 27 अक्टूबर को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पुनः बैठक आयोजित की जाएगी।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायगढ़ ने जानकारी दी कि सांसद खेल महोत्सव के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन संकुल स्तर पर 27 अक्टूबर से 6 नवंबर तक किया जाएगा। इसी तरह विकासखंड स्तर पर 17 से 22 नवंबर, जिला स्तर पर 8 से 12 दिसंबर, संसदीय क्षेत्र स्तर पर 22 से 25 दिसंबर 2025 आयोजित होगी।इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष धरमजयगढ़ पवन शर्मा, प्रभारी खेल अधिकारी सारंगढ़, जशपुर एवं जिला रायगढ़, सारंगढ़ एवं जशपुर के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दीपावली पर 30 हजार घरों में पहली बार जले खुशियों के दीप

**रायगढ़, 22 अक्टूबर ।** इस दीपावली में छत्तीसगढ़ के हजारों परिवारों के घरों में खुशियों का ऐसा उजाला फैला, जो केवल दीपों की रोशनी से नहीं, बल्कि ÷अपना घर÷ होने के गर्व और आत्मसम्मान से जगमगाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत रायगढ़ जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 30 हजार से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा और जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता से यह सब संभव हो पाया है। प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी के विशेष प्रयासो से लाभर्थियों के अपना घर पाने का सपना पूरा हुआ है और इस बार की दीवाली में नए घर का आंगन दिए से रोशन हुए। रायगढ़ जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत आवासों में से इन 30 हजार से अधिक घरों का निर्माण समय पर पूरा होना न केवल प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण है, बल्कि यह ग्रामीण हितग्राहियों के जीवन में स्थायित्व और सम्मान का नया अध्याय भी जोड़ रहा है। इस बार दीपावली उनके लिए वास्तव में विशेष रही, क्योंकि इस बार दीये उन घरों में जलें, जिनकी दीवारें खुद उनकी मेहनत, उम्मीदों और सरकारी योजनाओं की संवेदनशीलता की कहानी कह रही हैं।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के नेतृत्व में रायगढ़ जिले ने प्रधानमंत्री आवास योजना को केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक ÷जन-आंदोलन का स्वरूप दे दिया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की टीमों ने गांव-गांव जाकर कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की, हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया, और हर स्तर पर माइक्रो प्लानिंग से काम को गति दी। जिन क्षेत्रों में निर्माण कार्य धीमा पाया गया, वहां तत्काल समीक्षा बैठकें लेकर कारणों का विश्लेषण किया गया और जिम्मेदार अमले पर सख्त कार्रवाई की गई।परिणामस्वरूप रायगढ़ जिला आज प्रदेश में सबसे आगे खड़ा है, जहां 5 हजार, 10 हजार, 15 हजार, 20 हजार और 25 हजार आवास निर्माण के सभी चरणों में लक्ष्य सबसे पहले पूरे किए गए।प्रधानमंत्री आवास योजना ने सिर्फ छत नहीं दी बल्कि इसने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा दी है। जिले में महिला स्व-सहायता समूहों को सेटरिंग प्लेट निर्माण और आपूर्ति कार्य में जोड़ा गया है, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय और आत्मनिर्भरता दोनों मिल रही हैं।वहीं युवाओं को राज मिस्त्री के रूप में प्रशिक्षित कर निर्माण कार्यों में शामिल किया जा रहा है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं और गांवों में श्रम की गरिमा को भी नया सम्मान मिला है। रायगढ़ में यह योजना अब ग्रामीण समृद्धि और महिला सशक्तिकरण की प्रेरक कहानी बन चुकी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की पहल पर प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले ने भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों के लिए स्वीकृत 173 आवासों में से अब तक 150 आवास पूरे किए जा चुके हैं, जो कुल लक्ष्य का 82 प्रतिशत है। शेष आवासों का कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही पूर्ण हो जाएगा। इन पक्के घरों ने बिरहोर परिवारों के जीवन में केवल स्थायित्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक जुड़ाव और आत्मविश्वास का उजाला भी भर दिया है। इस दीपावली, उनके घरों में भी दीये जले, यह केवल प्रकाश का नहीं, बल्कि सम्मान का उत्सव रहा।कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में रायगढ़ लगातार प्रदेश में अग्रणी रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ने केवल घर नहीं दिए, बल्कि जीवन में स्थायित्व, गरिमा और आत्मविश्वास दिया है। अब इन घरों में हर त्योहार पर खुशियों की गूंज सुनाई दी, बच्चों की हंसी, दीयों की रोशनी और संतोष की मुस्कान यही इस योजना की सच्ची सफलता है। यह दीपोत्सव केवल दीपों का नहीं, बल्कि सरकारी योजना की संवेदनशीलता और जनता की उम्मीदों के मिलन का पर्व रहा। इन 30 हजार से अधिक घरों की चमक में छिपा है प्रशासन की निष्ठा, हितग्राहियों की मेहनत और उस सपने की पूर्ति, जो हर गरीब परिवार ने कभी अपने लिए देखा था।

## एक नजर

### हत्या की घटना में शामिल 1 अपचारी बालक सहित 2 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 22 अक्टूबर।** मर्ग क्रमांक 117/2025 की जांच, तस्दीक एवं इस दौरान



मृतक के परिजनों एवं अन्य गवाहों से विस्तृत पूछताछ पर पाया गया कि घटना दिनांक 17.10.2025 के शाम 19:45 से 20:30 बजे के मध्य ग्राम खटियापाटी में पंचायत भवन के सामने चौक में आरोपियों द्वारा पुरानी रंजीश पर से मृतक हरीश शायर उर्फ भका को हाथ-मुक्का आदि से मारपीट किया गया एवं जान से मारने की नीयत से मृतक के पेट में चाकू से गंभीर वार किया गया जिससे मृतक की मृत्यु हो गई। घटना के दौरान आरोपियों द्वारा 02 अन्य युवक दीप कुर्रे एवं साहिल शायर के साथ भी मारपीट कर चाकू से प्राण घातक वार करते हुए उन्हें भी गंभीर चोंट पहुंचाया गया तथा घटना कारित करने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गए। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1009/2025 धारा 103(1),109(1),3(5) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।
कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। इस दौरान घटनास्थल में मिले साक्ष्य, आसपास मौजूद गवाहों से विस्तृत पूछताछ तथा साइबर सेल की टीम के माध्यम से मिले टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर हत्या की घटना में संलिप्त एक अपचारी बालक सहित 02 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पुरानी रंजिश पर से अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चाकू से प्राणघातक वार करते हुए, एक युवक की हत्या एवं दो अन्य युवकों को मारपीट कर गंभीर रूप से चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 20-10-2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के साथ प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की पुलिस टीम द्वारा सरगर्मी से पता तलाश कर, उनके छिपने के हर संभावित ठिकाने पर लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण विवेचना में है।

### महापौर एवं कलेक्टर ने यातायात नगर में साफसफाई कार्य का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने नवागांव सेनिटेशन पार्क, सिंथेटिक ट्रैक निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल, यातायात नगर में साफ-सफाई कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने दीपावली पर्व के दृष्टिगत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक तौर पर अभियान चलाकर साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सफाई कार्य सतत जारी रखने तथा मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### मंत्री राजवाड़े ने बुजुर्गों संग मनाई दीवाली



**रायपुर 22 अक्टूबर।** दीपावली के अवसर पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने माना रायपुर स्थित वृद्धाश्रम पहुँचकर वहाँ निवासरत वरिष्ठ नागरिकों के साथ दीवाली पर्व की खुशियाँ साझा कीं। उन्होंने स्वयं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की और बुजुर्गों को मिठाई, नए वस्त्र एवं उपहार प्रदान किए।
वृद्धजनों के बीच बैठकर उन्होंने आत्मीय संवाद किया और उनके स्वास्थ्य तथा आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमारे ये वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। इनके अनुभव और आशीर्वाद से ही समाज की नींव मजबूत होती है। शासन का प्रयास है कि वृद्धजन सम्मानपूर्वक और आत्मसम्मान के साथ जीवन व्यतीत करें। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम परिसर को दीपों और रंगोलियों से सजाया गया था। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने मिलकर बुजुर्गों के साथ दीप जलाए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने वृद्धाश्रम में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि बुजुर्गों की देखभाल में किसी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार वृद्धजनों के कल्याण हेतु वृद्धजन सेवा योजना, पेंशन सुविधा, स्वास्थ्य जांच शिविर, मानसिक-सामाजिक परामर्श केंद्र जैसी योजनाओं का प्रभावी संचालन कर रही है। श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि दीवाली केवल दीपों का पर्व नहीं, बल्कि संवेदनाओं को साझा करने का अवसर है। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे इस पावन पर्व पर अपने आसपास के बुजुर्गों से मिलें, उनका आशीर्वाद लें और उन्हें अपनत्व का अहसास कराएँ।

### निधन

#### जय प्रकाश

**रायपुर।** अमीन पारा पुरानी बस्ती निवासी जय प्रकाश का निधन हो गया है जिसका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे प्रज्ञा, रानी के पिता व लेफ्टिनेंट. ओम प्रकाश, सत्यप्रकाश के भाई थे।

# मारपीट कर गंभीर चोंट पहुंचाने वाले 1 अपचारी बालक सहित 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 22 अक्टूबर।** प्रार्थी कहर सिंह खूंटे उम्र 24 साल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह आसपास के गांव में घूमकर कपड़ा बेचने का काम करता है, कि दिनांक 19.10.2025 के रात्रि 08:00 बजे कपड़ा बेचकर ग्राम सुन्द्रावन में गाड़ी लेकर वापस आया, तो गांव के मोड़ के पास आरोपी खड़े थे, जिन्हें साइड हटाने के लिए प्रार्थी द्वारा हार्न बजाया गया, जिस पर आक्रोशित होकर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के साथ अश्लील गाली गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ, मुक्का, ईट एवं लाठी आदि से मारपीट किया गया। बीच बचाव करने आए प्रार्थी के रिश्तेदारों से भी आरोपियों द्वारा गंभीर रूप से मारपीट किया गया। घटना के दौरान प्रार्थी एवं उसके रिश्तेदारों को गंभीर रूप से चोंटे आई हैं।

की रिपोर्ट पर थाना गिधपुरी में अपराध क्र. 137/2025 धारा 109,296,115(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण में शामिल एक अपचारी बालक सहित 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी के हार्न बजाकर साइड मांगने पर से, आक्रोशित होकर गाली-गलौज कर, जान से मारने की धमकी देते हुए, प्रार्थी एवं उसके रिश्तेदारों के साथ हाथ, मुक्का, ईट एवं लाठी-डंडा से गंभीर रूप से मारपीट करना स्वीकार किया गया। की प्रकरण में सभी आरोपियों को आज दिनांक 20-10-2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# काग्रेस प्रदेश के नेता और एसडीएम को रैली निकाल कर दिया ज्ञापन

**तिल्दा नेवरा 22 अक्टूबर।** अल्ट्राटेक में मजदूरों के हड़ताल काग्रेस प्रदेश के नेता और एसडीएम को रैली निकाल कर दिया ज्ञापन मजदूरों को समर्थन देने जा रहे है काग्रेस ओर बीजेपी के स्थानीय नेता पिछले कुछ दिनों से ठेकेदार और मजदूरों में कार्य को लेकर चली रस्सा कसी इतनी बढ़ गई कि कुछ लोग इस आंदोलन को देखते देखते इस कदर हवा दी कि यह बढ़ा रूप ले लिया

जिला पंचायत रायपुर में सभापति ने इस आंदोलन को समर्थन देकर समर्थकों के साथ श्रमिकों के आंदोलन को जटिल कर दिया है अब तक काग्रेस नेता शैलेश त्रिवेदी छत्तीसगढ़ क्रांतिकारी संगठन के अमित बघेल छाया वर्मा को श्रमिक नेता भी अपनी उपस्थित दर्ज करवा दी सूत्रों ने बताया कि अल्ट्राटेक संयंत्र में ठेकेदार के अन्दर में कार्य मजदूर का कार्य खत्म हुआ और ठेकेदार यहां से अपना काम खत्म कर अन्यत्र चला गया जब कार्य नहीं होने से मजदूर को भी





कार्य से बाहर कर दिया मजदूरों की संख्या 55के आसपास बताई गई है ओर मजदूर संयंत्र के आस पास गावो के जो स्थानीय है

बताया जाता है संयंत्र प्रबंधक संयंत्र के आस पास के गांव के सरपंच यहां लम्बे समय से ठेकदार है और ग्रामीण मजदूर इन ठेकदारों के पास कार्य कर रहे है क्या प्रबंधन इन श्रमिकों को दीपावली पूर्व कार्य नहीं है कर काम से निकाल दिया जब की कुल 55मजदूर सेट किया जा सकते थे पर स्थानीय नेता इस आंदोलन में अपना फायदा देखने विरोध करने पहुंच रहे है

अल्ट्राटेक सेंचुरी सीमेंट बैकुंठ है जो पूर्व में सेंचुरीवक नाम से जानी जाती थी कुल मिलकर मजदूरों को न्याय मिलना चाहिए राजस्व मंत्री ने भी हड़ताल खत्म करने। विधायक कार्यालय में मजदूरों के प्रतिनिधि और अल्ट्राटेक प्रबंधन से बात की बताया जाता है कोई ठोस नतीजा नहीं निकला और आंदोलन बहुत लम्बा हो गया। अल्ट्राटेक में देखा जाए तो काग्रेस ओर बीजेपी के नेता यहां अपनी रोटी सेक रहे है और मजदूरों के शोषण में स्थानीय जो ठेकेदार है वे 8घंटे के बजाय 12घंटे कार्य ले रहे है इस पर आवाज ओर चिंता होनी चाहिए। संयंत्र प्रबंधकों को भी दिल बड़ा कर मजदूरों के हित की रक्षा की आज आवश्यकता है।

## पार्टनरशिप फर्मों के लिए नया निर्देश, अब पार्टनर्स को भुगतान पर काटना होगा 10 प्रतिशत टीडीएस- सीए तारवानी

**रायपुर 22 अक्टूबर।** इनकम टैक्स विभाग ने स्पष्ट किया है कि अब कोई भी पार्टनरशिप फर्म यदि अपने पार्टनर्स को सैलरी, बोनस, कमीशन, ब्याज या किसी भी प्रकार का भुगतान करती है, जो उनकी आय के रूप में गिना जाता है, तो उस पर 10 प्रतिशत टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) काटना अनिवार्य होगा। यदि किसी पार्टनर को 20,000 से अधिक का भुगतान किया जाता है, तो उस पर 10 प्रतिशत की दर से टीडीएस काटना होगा। यह कटौती उस समय करनी होगी जब फर्म वास्तविक भुगतान करे या जब अकाउंटिंग में जनरल एंट्री पास करे – दोनों में से जो पहले हो।

कई करदाताओं द्वारा यह सवाल पूछा जा रहा था कि क्या ब्याज के भुगतान पर भी टीडीएस लागू होगा? टैक्स एक्सपर्ट सीए चेतन तरवानी जी ने स्पष्ट किया है कि हाँ, ब्याज भुगतान पर भी टीडीएस लागू होगा, क्योंकि वह भी पार्टनर की आय मानी जाती है। यानी फर्म द्वारा पार्टनर को दी जाने वाली कोई भी राशि – चाहे वह सैलरी, बोनस, कमीशन या ब्याज हो – सभी पर टीडीएस काटना आवश्यक है। साथ ही, इनकम टैक्स नियमों में हाल ही में एक और महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है।



पहले जहाँ पार्टनर को प्रथम तीन लाख रुपये तक 90 प्रतिशत रेम्यूनरेशन भुगतान की अनुमति थी, अब यह सीमा बढ़ाकर छह लाख रुपये कर दी गई है। इस बदलाव के कारण फर्मों को अपनी पार्टनरशिप डीड की जांच करनी चाहिए। यदि डीड में किसी निश्चित राशि (जैसे ?3 लाख ) का उल्लेख किया गया है, तो डीड में संशोधन आवश्यक होगा। लेकिन यदि डीड में यह लिखा है कि भुगतान या गणना आयकर अधिनियम के अनुसार होगी, तो डीड को संशोधित करने की आवश्यकता नहीं है। इनकम टैक्स एक्ट समय-समय पर बदलता रहता है, इसलिए ÷आयकर अधिनियम के अनुसार÷ वाला प्रावधान स्वचालित रूप से नियमों के अनुरूप रहेगा। सीए चेतन तरवानी जी का कहना है कि फर्मों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी प्रकार के भुगतान पर टीडीएस का पालन (अनुपालन) समय पर हो, ताकि भविष्य में कर विवाद या पेनल्टी की स्थिति से बचा जा सके।

## खाद्य सामग्री की गुणवत्ता के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई जारी

**राजनांदगांव 22 अक्टूबर।** शासन द्वारा दीपोत्सव पर खाद्य सामग्री की सही गुणवत्ता निर्धारण के मद्देनजर कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। विभाग की टीम द्वारा मिठाई प्रतिष्ठानों, किराना दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है एवं फूड सेफ्टी मैजिक बॉक्स की सहायता से आवश्यकतानुसार मौके पर ही मिठाइयों के रंग, अन्य सामग्री की उपस्थिति जांच कर विक्रेताओं और आमजन को भी जागरूक किया जा रहा है। दीपावली के दृष्टिगत विभाग द्वारा अब तक जिले भर के अलग अलग प्रतिष्ठानों से लगभग 11 विधिक व 10 से अधिक निगरानी नमूना सहित लगभग 20 से अधिक खाद्य सामग्री के नमूने गुणवत्ता जांच हेतु जप्त किये गए है। जांच के दौरान उपयोग के बाद रखे गए गए 2.5 लीटर तेल को भी मौके पर नष्ट कराया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नागरिकों एवं मिष्ठान्न विक्रेताओं से अधिक रंगीन मिठाइयों से परहेज करने, पैक्ड सामग्री के उपयोग के पूर्व निर्माण व उपयोग तिथि का अवलोकन करने एवं उचित स्थान से ही खाद्य सामग्री की खरीदीने की अपील की गई है।

## भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण कल्याणक गया मनाया

**रायपुर 22 अक्टूबर।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में भगवान महावीर स्वामी जी अंतिम देशणा के प्रकाश स्वरूप सैकड़ों दीपक प्रज्वलित कर उजाला किया गया । श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने कहा कि जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने अंतिम चातुर्मास पावापुरी नगरी में फरमाया । परमात्मा ने अंतिम समय जानकर जीवों के आत्मोत्थान के लिऐ 16 प्रहर तक देशणा ( उपदेश ) दी । भगवान



महावीर स्वामी न अपने प्रथम शिष्य गणधर श्री गौतम स्वामी को अंतिम समय में ब्राम्हण को प्रतिबोध देने निकट ग्राम भेज दिया । लौटते समय गौतम स्वामी जी को ज्ञात हुआ कि वीरप्रभु का निर्वाण हो गया है । महावीर स्वामी के निर्वाण समाचार के चिन्तन से गौतम स्वामी को केवलज्ञान प्रकट हुआ । ट्रस्टी नीलेश गोलछा व डॉ योगेश बंगानी ने बताया कि सीमंधर स्वामी मंदिर में महावीर स्वामी की प्रतिमा विराजमान है । 22 अक्टूबर को प्रातः महावीर स्वामी की मूर्ति के सम्मुख लड्डू अर्पित किया जाता है । गौतम स्वामी की प्रतिमा के सम्मुख कैवल्य लड्डू चढ़ाया जावेगा । आज 21 अक्टूबर को भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण कल्याणक मनाया गया । श्रावक श्राविकाओं ने ऊँ ह्रीं श्री महावीर स्वामी सर्वज्ञाय नमः की 20 माला , ऊँ ह्रीं श्रीं महावीर स्वामी पारंगताय नमः की 20 माला का जाप प्रातः 4 बजे के पूर्व 7 पूर्ण किया ।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला: फर्जी लाइट बेचने वाले दुकानदारों की दबंगई, पुलिस ने दर्ज किया मामला

**डोंगरगढ़ 22 अक्टूबर।** दीपावली पर्व के मौके पर जहां एक ओर लोग रोशनी और खुशियों का उत्सव मना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ दुकानदारों द्वारा घटिया और नकली चाइनीज लाइटिंग बेचकर उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। इसी गोरखधंधे का पर्दाफाश करने गए पत्रकार पर जानलेवा हमला करने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। अग्रसेन भवन कॉम्प्लेक्स स्थित बंसल ब्रदर्स इलेक्ट्रॉनिक्स में घटिया चाइनीज लाइटिंग बेचे जाने की शिकायत पर दैनिक तरुण छत्तीसगढ़ एवं नांदगांव टाइम्स के पत्रकार प्रमोद शुक्ला सत्यापन के लिए दुकान पहुंचे थे। जब उन्होंने लाइटिंग की खरीद कर जांच की और शिकायत सही पाई, तो उन्होंने सबूत के तौर पर दुकान की फोटो खींचनी शुरू की।

इसी दौरान दुकान संचालक मुकेश बंसल और उसके भाई पूनम बंसल ने मिलकर पत्रकार पर धारदार नुकीले हथियार से हमला कर दिया। दोनों आरोपियों ने पत्रकार प्रमोद शुक्ला के गले पर वार किया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से भी मारपीट की। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह जान



बचाई। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल पत्रकार थाने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफशिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय नागरिकों और पत्रकार संगठन ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि दीपावली जैसे पर्व पर उपभोक्ताओं को ठगने वालों पर प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि वे बिना भय के सच्चाई जनता तक पहुँचा सकें। देखना यह होगा कि फर्जी लाइट बेचने वाले दुकानदारों पर कब तक पुलिस शिकंजा कसती है और पत्रकार पर हुए इस हमले के दोषियों को न्याय कब मिलता है।

# अपनी विद्धता से बहुत बड़े हिस्से में अलग पहचान बनाई बनवारीलाल अग्रवाल ने

**कोरबा 22 अक्टूबर ।** रविवार को सायं 4.30 बजे सरस्वती शिशु मंदिर बुधवारी कोरबा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मूलतः स्वयंसेवक,पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय श्रद्धेय बनवारी लाल अग्रवाल जी के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित संघ से प्रेरित सभी विविध संगठनों के बंधु सैंकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर अपने-अपने संगठन की ओर से विचार व्यक्त किये एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए।इस श्रद्धांजलि सभा में कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, लखनलाल देवांगन जी, कोरबा नगर की प्रथम नागरिक महापौर श्रीमती संजू राजपूत, गौमुखी सेवा धाम के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल,भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, शिशु मंदिर (विद्या भारती) के व्यवस्थापक जोगेश लांबा, भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री राधेश्याम जायसवाल, हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष आशीष सिंह, संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष रामेश्वरधर दीवान, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष डॉ विशाल उपाध्याय, अशोक तिवारी, सत्येन्द्र दुबे एवं किशोर बुटोलिया ने उनके संस्मरण को साझा करते हुए उनके विचारों और कार्यों से प्रेरणा लेकर कार्य करने का आग्रह किया और अपने -अपने संगठन की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित किए। सह विभाग संघचालक किशोर बुटोलिया ने बताया कि, श्रद्धेय बनवारीलाल जी अपने कार्यकाल में अपने जीवन का अमूल्य तीन वर्ष संघ के प्रचारक और जनसंघ के संस्थापक रहे श्रद्धेय नानाजी देशमुख के ग्राम विकास के प्रकल्प, उत्तर प्रदेश के गोंडा में सपत्नीक पुर्ण कालिक के रूप में अपने जीवन का अमूल्य तीन वर्ष दिया। साडा के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए छोटे से बजट में कोरबा के झुग्गि बस्तियों में पहली बार बिजली, सडक और पानी पहुंचाया। नगर के नवनिर्मित कालोनीयों को और नया बस स्टैंड, सामुदायिक भवनों को महापुरुषों के नाम पर स्थापित किया। संघ से प्रेरित सभी विविध संगठन , वनवासी कल्याण आश्रम, गौमुखी सेवा धाम, शिशु मंदिर, भारतीय मजदूर संगठन आदि को यथासंभव संसाधन उपलब्ध करवाकर आगे बढ़ाने पर जोर दिया। भाजपा का कार्यालय भी उनके परिश्रम का ही परिणाम है। कार्यकर्ताओं को सदैव पार्टी, संघ के अनुकूल आचरण करने अनुशासन का पाठ पढ़ाया।केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन जी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल में मेरे उपर जब विपत्ति आई और मुझे आधी रात को पुलिस द्वारा पकड़वा कर झूठे केस में थाने ले आये तब बनवारी भैया आचार संहिता लागू रहने के बावजूद रामपुर थाने में पूरी रात धरना प्रदर्शन कर मुझे छुड़वाया। ऐसे कार्यकर्ताओं के लिए अपने आप को झोंक देने वाले नेता विरले ही होते हैं। विभाग संघचालक सत्येन्द्र नाथ दुबे ने बताया कि राजनीति में सुचिता, पवित्रता और निष्ठावान पुर्वक कैसे काम किया जा सकता है ये उनसे सिखना चाहिए। महापौर संजू राजपूत ने बताया कि मुझे वे कहा करते थे कि राजनीति में आना है तो समाज और पार्टी के लिए सतत काम करना पड़ता है। तभी से मैंने भी ठान लिया कि समाज और पार्टी के लिए सदैव काम करते रहूंगी। चाहे मुझे पार्टी से कुछ मिले या न मिले। आज उनके ही प्रेरणा से कार्य करते रहने के कारण आज मैं महापौर हूं और जनता ने मुझे सेवा का अवसर दिया है।

# मनोविकास केंद्र के छात्रों ने अंतर्राष्ट्रीय पटल पर बलौदाबाजार जिले का नाम किया रोशन

■ **गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट में योगा प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का किया प्रतिनिधित्व**

**बलौदाबाजार 22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ के मनोविकास केन्द्र के 5 बच्चों ने 9 से 12 अक्टूबर 2025 तक गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में योग प्रदर्शन किया। मनोविकास केन्द्र बलौदाबाजार के प्रतिभावान छात्रों ने गोवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर प्रदेश और जिले का मान बढ़ाया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मनोविकास केन्द्र के बच्चों की इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि प्रदेश का नाम इसी तरह रौशन करते हुए आगे बढ़ें। अंतर्राष्ट्रीय फेस्ट में हिस्सा लेकर वापस आने पर शुक्रवार को कलेक्टर से छात्रों ने मुलाक़ात की और अपने अनुभव साझा किये।



### दिव्यांगजनों की क्षमताओं को किया उजागर

मनोविकास केन्द्र के नोडल अधिकारी आशा शुक्ला ने बताया कि केंद्र के छात्र कुलदीप निर्मलकर, तुषार सेन पुष्कर कुमार साहू, लोकेश कुमार वर्मा एवं किशन यादव का चयन अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 में भाग लेने के लिए हुआ था। फेस्ट में छात्रों के द्वारा लगभग 12 मिनट का योग प्रदर्शन प्रस्तुत कर दिव्यांगजनों की क्षमताओं और समावेशन की भावना को उजागर किया। इस फेस्ट में भाग लेकर छात्रों ने निःशक्तजनों के लिए हो रहे नवाचार के कार्यो को जाना।

### दिव्यांगजनों की रचनात्मक प्रतिभा जीवंत प्रदर्शन

अंतर्राष्ट्रीय पर्पल फेस्ट 2025 को दिव्यांगजनों की रचनात्मकता, प्रतिभा और सशक्तिकरण के एक जीवंत उत्सव के रूप में देखा जा रहा है। यह आयोजन भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, गोवा सरकार के राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन कार्यालय, तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय एवं संयुक्त राष्ट्र भारत के सहयोग से किया जा रहा है। पर्पल फेस्ट का उद्देश्य दिव्यांगजनों के समावेशन, पहुंच और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह महोत्सव समाज में जागरूकता फैलाने, उनकी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने और एक ऐसे समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करता है जहां प्रत्येक व्यक्ति को गरिमा और समान अवसरों के साथ जीवन जीने का अधिकार हो।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मरीजों और अस्पताल स्टाफके साथ मनाई दिवाली



**रायपुर 22 अक्टूबर।** दिवाली की संध्या के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने जिला मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडगांव पहुंचकर मरीजों और उनके परिजनों तथा अस्पताल स्टाफ के साथ त्योहार की खुशियां साझा कीं। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और उन्हें जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्री जायसवाल ने मरीजों और उनके परिजनों तथा अस्पताल स्टाफको फल एवं मिठाई वितरित की। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री के साथ मिलकर दीप प्रज्वलित कर दिवाली का उत्सव मनाया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि बीमार व्यक्तियों की सेवा और उनका मनोबल बढ़ाना मेरे लिए दिवाली को सार्थक बनाता है। स्वास्थ्य विभाग लगातार बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अस्पताल के स्टाफको भी इस अवसर पर समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

# रायपुर-दिल्ली के बीच इंडिगो की नई फ्लाइट 26 से

■ :रोजाना उड़ानें होंगी उपलब्ध, कंपनी ने भेजा प्स्त्रष्ट को प्रस्ताव;यात्रियों को किराए में मिलेगी राहत




**रायपुर 22 अक्टूबर।** रायपुर और दिल्ली के बीच हवाई सफर करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। इंडिगो इस माह की 26 अक्टूबर से दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सेक्टर में नई फ्लाइट शुरू करने जा रही है। कंपनी ने इसके संचालन का प्रस्ताव नागरिक उड्डयन निदेशालय को भेज दिया है। इस नई उड़ान के शुरू होने के बाद रायपुर से दिल्ली के लिए एयर इंडिगो की फ्लाइटें रोजाना उपलब्ध होंगी।

### प्रस्तावित शेड्यूल

इंडिगो की नई फ्लाइट दोपहर के समय संचालित की जाएगी। प्रस्तावित शेड्यूल के अनुसार, फ्लाइट दिल्ली से दोपहर 12:10 बजे उड़ान भरेगी और रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर 2:05 बजे पहुंचेगी। वहीं फ्लाइट रायपुर से दोपहर 2:35 बजे रवाना होकर शाम 4:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

### दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सेक्टर में बढ़ेगे फ्लाइट के विकल्प

26 अक्टूबर से दिल्ली-रायपुर-दिल्ली सेक्टर में फ्लाइट के कई विकल्प यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगे। इंडिगो की उड़ान संख्या 6श्च-2120 दिल्ली से सुबह 10:15 बजे उड़ान भरेगी और 12:15 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी में उड़ान 6श्च-6640 दोपहर 12:45 बजे रायपुर से रवाना होकर 2:45 बजे दिल्ली पहुंचेगी।

### 24 उड़ानें रोजाना संचालित हो रही

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर एयरपोर्ट से 24 उड़ानें रोजाना संचालित हो रही हैं। 26 अक्टूबर से इंडिगो की उड़ान शुरू होने के बाद संख्या बढ़ जाएगी। इससे न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे बड़े शहरों से कनेक्टिविटी भी और मजबूत होगी।

### इंडिगो ने जोड़ी नई दिल्ली-रायपुर उड़ानः कुल संख्या हुई 5

वर्तमान में इंडिगो की 4 उड़ानें संचालित होती हैं, जबकि नई उड़ान के साथ यह संख्या 5 हो जाएगी। फ्लाइट का नया विकल्प मिलने से दिल्ली और रायपुर के बीच यात्रा समय में लचीलापन मिलेगा और यात्रियों को टिकट की उपलब्धता में भी राहत मिलेगी।

# अपनी संपत्ति का पता लगाने निगम कराएगी जीआईएस सर्वे

■ निगम की संपत्ति के अब बनेंगे दस्तावेज,10 कंपनियों ने दिखाई दिलचस्पी; कब्जा माफियाओं की बढ़ेगी परेशानी

**रायपुर 22 अक्टूबर।** रायपुर में नगर निगम की सभी दुकानें, कॉम्प्लेक्स और अन्य संपत्तियां अब जीआईएस (त्रढ्ढस्) सर्वे के माध्यम से मैप की जाएंगी। निगम ने इस काम के लिए हाल ही में टेंडर जारी किया। जिसमें दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, रांची और रायपुर की कुल 10 कंपनियों ने भाग लिया। टेंडर जीतने वाली कंपनी को निगम की सभी संपत्तियों की स्थान, प्रकार और मूल्यांकन का विवरण तैयार करना होगा। इसके अलावा, यह स्पष्ट करना होगा कि कौन सी संपत्ति निगम की है, किसे किराये या लीज पर दिया गया है और वास्तविक मालिक कौन है। वर्तमान में यह जानकारी 10 जोन कमिश्नरों से इकट्ठा करनी पड़ती है। निगम मुख्यालय के पास एक संपूर्ण रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है।

निगम इस सर्वे के जरिए न केवल अपनी संपत्तियों का डॉक्यूमेंटेशन करवाएगा, बल्कि भविष्य में संपत्ति प्रबंधन और कर संग्रह में भी सुधार करेगा। सर्वे की मदद से निगम को अपने संपत्तियों के वास्तविक डेटा का स्पष्ट विवरण मिलेगा। टेंडर प्रक्रिया में शामिल कंपनियों ने अपने प्रेजेंटेशन महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर आयुक्त, उपायुक्त राजस्व और आईटी विभाग के दो विशेषज्ञ सदस्यों के सामने पेश किए। अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन का विश्लेषण कर तकनीकी और वित्तीय क्षमताओं के आधार पर चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

इस पहल से निगम की संपत्तियों का सटीक रिकॉर्ड तैयार होगा और भविष्य में प्रॉपर्टी से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और त्वरित निर्णय लेने में मदद मिलेगी। निगम के लिए यह कदम संपत्ति प्रबंधन और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एक नजर

### कांग्रेस बोली-किफायती आवास नियम माफियाओं को फायदा पहुंचाने वाला

**रायपुर 22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में 'किफायती जन आवास नियम 2025' को लेकर सियासत गरमा गई है। जहां भाजपा इसे गरीबों को सस्ते प्लॉट देने की योजना बता रही है। साथ ही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने वाला कदम बताया है। इधर, कांग्रेस ने इसे भू-माफियाओं को फायदा पहुंचाने वाला फरमान करार दिया है। कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि, भाजपा सरकार ने गरीब की 5 डिसमिल से कम जमीन की रजिस्ट्री पर रोक लगाकर उसके सपनों पर ताला जड़ दिया है, लेकिन माफियाओं को 2 एकड़ या उससे ज्यादा जमीन लेकर खुलेआम प्लॉटिंग की छूट दे दी गई है। कांग्रेस का आरोप है कि नया नियम गरीबों की जमीन को बाजार से बाहर कर रहा है, जबकि चहेते बिल्डरों और भू-माफियाओं के लिए नया रास्ता खोल रहा है। गरीब अपनी जरूरत के लिए 1000-2000 वर्गफीट की जमीन का छोटा हिस्सा भी नहीं बेच सकता, लेकिन बड़े प्लॉटों की खरीद-फरोख्त पर कोई रोक नहीं है। ये कानून नहीं, माफियाओं से किया गया समझौता है। आम आदमी के लिए अलग कानून और बिल्डरों के लिए अलग है। गरीब का घर नहीं बनने देना चाहते, लेकिन बड़े प्लॉट पर कॉलोनी काटना मंजूर है। कांग्रेस ने यह भी याद दिलाया कि पिछली भाजपा सरकार में भी 5 डिसमिल से कम जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई थी, जिससे गरीबों की जमीन फंसी और माफिया फायदा में रहे। भाजपा ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज किया है। बीजेपी प्रवक्ता देवलाल ने कहा कि यह कदम बेतरतीब और अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए है। छोटे-छोटे प्लॉट में व्यवस्थित बसाहट से मूलभूत सुविधाएं देना मुश्किल हो जाता था। अब कॉलोनाइजर को व्यवस्थित तरीके से प्लॉटिंग करनी होगी, ताकि लोग बेहतर सुविधा पा सकें।

### जुआ खेलने के दौरान युवक की हत्या

**रायपुर 22 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर में 100 रुपए के लेनदेन के विवाद के बाद 2 भाइयों ने मिलकर एक युवक का मर्डर कर दिया है। दिवाली के दूसरे दिन 21 अक्टूबर को बीएसयूपी कॉलोनी भटगांव में कुछ युवक मिलकर जुआ खेल रहे थे तभी 2 पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें एक पक्ष के सूरज यादव और उसके भाई मदन यादव ने मिलकर ताहिर हुसैन के सीने और पेट पर कैंची से वार किया। घटना में ताहिर की मौत हो गई। मामला पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने दोनों आरोपी को हिरासत में ले लिया है। घटना के बाद परिजन ताहिर हुसैन को इलाज के लिए हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के कुछ घंटे बाद ही दोनों आरोपी भाइयों को पुलिस ने पकड़ लिया। जानकारी के मुताबिक, सभी एक ही इलाके के रहने वाले है। आरोपियों के खिलाफ थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 438/25 धारा 103(1), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध दर्ज किया गया है। पुरानी बस्ती थाने के सीएसपी राजेश देवांगन ने बताया कि फिलहाल प्रारंभिक विवेचना की जा रही है दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुराने विवाद के चलते रिश्तेदार ने किया युवक पर चाकू से हमला

**रायपुर 22 अक्टूबर।** राजधानी रायपुर के न्यू चंगोराभाठा इलाके में रविवार देर रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा कि यह वारदात पुरानी रंजिश को लेकर हुई थी। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार, घायल युवक मोंटू देवांगन अपने दोस्त पिंटू पटवा के साथ रविवार रात करीब 11:40 बजे चंगोराभाठा स्थित अलमारी फैक्ट्री के पास बैठकर बातचीत कर रहा था। तभी आरोपी राहुल देवांगन अपने साथियों रोहित विश्वकर्मा, चिंकी पटनायक उर्फ चीकू और अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा। बताया जा रहा है कि, पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने मोंटू देवांगन के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से वार कर दिया। हमले में युवक के बाएं आंख, दाहिने कान, गाल और कमर पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के दौरान मौके पर मौजूद पिंटू पटवा और अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया। घायल को तत्काल उसके बड़े भाई सुभाष देवांगन ने अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को सूचना दी। राहुल देवांगन और मोंटू देवांगन के बीच शाम करीब 7 बजे भी झगड़ा हुआ था।

### छठि मैय्या विश्व की सबसे बड़ी स्वच्छता की ब्रांड एम्बेसडर

# चार दिवसीय छठ महापर्व 25 को नहाय खाय के साथ प्रारंभ होगा

**रायपुर 22 अक्टूबर।** चार दिवसीय छठ महापर्व अक्टूबर 25 को नहाय खाय के साथ पारंभ होगी। कह महापर्व आयोजन समिति महादवधाद रायपुर द्वारा आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से छठ पूजा 2025 को भब्यता एवं पारम्परिकता से मनाने का निर्णय लिया एवं आयोजन के लिए रुपरेखा तैमार की गयी है। छठ पूजा इस वर्ष अक्टूबर 25 से प्रारम्भ होगी। पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए आज बुधवार को लव कुश होटल (फर्निचर) रामपुरा में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि समिति ने इस वर्ष छठ पूजा भव्यता और उत्साह से मनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि छठ पूजा छत्तीसगढ़ में रायपुर, विलासपुर, भिलाई दुर्ग कारचा बस्तर एवं अन्य शहरों में बड़े धूम धाम से मनाया जाता है। रायपुर में कल पूजा 90 में अधिक स्थानों जैसे खारून नदी के महादेव घाट व्यास नालाब और अन्य तालाबों के किनारे इस वर्ष भी छठ पूजा धूम धाम से मनाया जायेगा।




उन्होंने बताया है कि चार दिवसीय छठ महापर्व शनिवार, अक्टूबर 25 को नहाय खाय के साथ प्रारंभ होगी। इस वर्ष अक्टूबर 25 से अक्टूबर 28 तक पूरे भारत सहित पूरे विश्व में छठ महापर्व हर्षोल्लास एवं परम्परा के साथ मनाया जायेगा। छठ महापर्व उत्तर भारतीय समाज का एक महत्वपूर्ण पर्व है जो इस वर्ष अक्टूबर 25 से प्रारसभ होगी और अक्टूबर 28 को समाप्त होगी। खरना अक्टूबर 26 को होगा। संध्या अर्धा अक्टूबर 27 को होगा और उषा अध्य अक्टूबर 28 को होगा।

एक सांस्कृतिक कार्यक्रम 27 अक्टूबर को संख्या में महादेव घाट पर आयोजित किया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका स्वाती मिश्रा (मुंबई) के द्वारा 27 अक्टूबर को सध्या में महादेव घाट पर छठ गीतों के प्रस्तुति दी जाएगी। लोकधारा के मशहूर कलाकार तिलक राजा साहू और केशरी साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी । सोनाली एवं तरुण बोपड़ा टीम प्रयागशन के द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी। कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति 27 अक्टूबर को संध्या 4 बजे से शुरू होगी। महादेव घाट घर 27 अक्टूबर को संध्या में महाआरती का. आयोजन किया जायेगा। नया रायपुर अटल नगर में झांझ तालाब के किनारे भी भव्यता के साथ छठ पूजा का आयोजन किया जायेगा। समिति जिला प्रशासन और नगर निगम के सहयोग से शहर के खारून नदी के महादेव घाट सहित सभी घाटों कि सफाई किया जा रहा है।

छठ महापर्व स्वच्छता का सबसे बड़ा प्रतीक है। वर्तमान में भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया जा रहा है जबकि छठ महापर्व प्राचीन काल से ही स्वच्छता का संदेश देती आ रही है। इस पर्व पर लोगों द्वारा शुद्ध प्रसाद

बनाया जाता है जिसे सूर्य भगवान को भोग लगाया जाता है। लोगों के द्वारा समूहों में सड़क एवं घाटों की सफाई की जाती है। हमारी मान्यताओं के अनुसार छठि मैय्या विश्व की सबसे बड़ी स्वच्छता की ब्रांड एम्बेसडर है। छठ पर्व ही दुनिया का मात्र एक पर्व है जिसमें डूबते सूर्य एवं उगते की पूजा की जाती है। छठ पर्व को षष्ठी पूजा एवं सूर्ग षष्ठी व्रत के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व कार्तिक शुक्त पक्ष के षष्ठी को गनाया जाने वाला एक हिन्दू पर्व है। सूर्यापासना का यह अनुपम लोकपर्व मुख्य रूप से पूर्वी भारत के बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाता है। पूजा सूर्य और जनकी बहन ही मड़या को समर्पित है। त्यौहार और व्रत के अनुष्ठान कठोर हैं और चार दिनों की अवधि में मनाए जाते हैं। इनमें पवित्र खान, उपवास और पीने के पानी से दूर रहना, लंबे समय तक पानी में खड़ा होना और प्रसाद प्रार्थना और सूर्य देवता को अर्घ्य देना शामिल है। बिहार एव पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग जिस देश एवं राज्यों में जाकर बसे वहां भी अपनी संस्कृति को आज भी बचाये हुऐ हैं। छठ महापर्व नेपाल, फिजी, मॉरिशस, सूरीनाम, गुयाना एवं अन्य देशों में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर उप प्रमुख कन्हैया सिंह, सन्तोष सिंह, प्रचार-प्रसार सचिव ब्रजेश सिंह, सह सचिव राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, रवींद्र सिंह, मुक्तिनाथ पांडे, शशि सिंह, परमानंद सिंह, रामकुमार सिंह, सत्येन्द्र सिंह गौतम, अजय शर्मा वेद नारायण सिंह कुशवाहा, जयंत सिंह, जय प्रकाश सिंह एवं अन्य सदस्य प्रेस वार्ता में उपस्थित थे।

# दक्षिणी हिस्से में 5 दिन बारिश के आसार:11 जिलों में यलो अलर्ट



**रायपुर 22 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने आज राज्य के 11 जिलों राजनांदगांव, बालोद, धमतरी, कांकेर, गरियाबंद, कोंडागांव, नारायणपुर, बीजापुर समेत अन्य इलाकों में यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और आंधी चलने की आशंका भी है। बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर एरिया) बना है, जो धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। इसका हल्का असर छत्तीसगढ़ में भी दिखेगा। पिछले 24 घंटे में जगदलपुर, मानपुर, छोटे डोंगर, बस्तर और लोहंडीगुड़ा में करीब 10 मिमी बारिश दर्ज की गई है। तापमान की बात करें तो अंबिकापुर में सबसे अधिक 32.5 डिग्री और सबसे कम 17.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया। इस बार अक्टूबर में अब तक सामान्य से 85त्न अधिक बारिश दर्ज की गई है। आमतौर पर 16 अक्टूबर तक राज्य में औसतन 42.7 मिमी वर्षा होती है, लेकिन इस बार अब तक 79.1 मिमी से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

10-12 दिन देरी से लौटा मानसून

मौसम विभाग के मुताबिक, 30 सितंबर तक हुई बारिश को मानसून की बारिश माना जाता है, जबकि इसके बाद की बारिश को 'पोस्ट मानसून' यानी मानसून के बाद की बारिश माना जाता है। फिलहाल देशभर से मानसून लौट चुका है। छत्तीसगढ़ में आमतौर पर 5 अक्टूबर के आसपास सरगुजा की तरफ से मानसून लौटना शुरू होता है, लेकिन इस बार वापसी में देरी हुई। इस बार प्रदेश में मानसून सामान्य से करीब 10-12 दिन देरी से लौटा है।

**बलरामपुर में सामान्य से 52% ज्यादा बारिशः** प्रदेश में अब तक 1167.4 मिमी औसत बारिश हुई है। बेमेतरा जिले में अब तक 524.5 मिमी पानी बरसा है, जो सामान्य से 50त्न कम है। अन्य जिलों जैसे बस्तर, राजनांदगांव, रायगढ़ में वर्षा सामान्य के आसपास हुई है। जबकि बलरामपुर में 1520.9 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 52त्न ज्यादा है। ये आंकड़े 30 सितंबर तक के हैं।

# रायपुर में पटाखा फोड़ने के विवाद में हाफमर्डर

**रायपुर 22 अक्टूबर।** रायपुर में पटाखा फोड़ने को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी की घटना हुई है। पांच दोस्तों ने मिलकर दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। इस वारदात में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी अब भी फरार है।

जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता संजू दीढ़ी अपने दोस्त मुकेश साहू उर्फबबलू के साथ रात 8 बजे शीतला तालाब तेलीबांधा के पास पटाखे फोड़ रहा था। इस दौरान करण निषाद ने दोनों से कहा कि दूर जाकर पटाखे फोड़ो और विवाद करने लगा। गाली-गलौज की स्थिति बनने पर संजू के भाई अशोक दीढ़ी और चचेरे भाई गोलू ने बीच-बचाव किया, तब करण निषाद ने बाद में देख लूंगा कहकर मौके से चला गया।

करीब तीन घंटे बाद रात 11.30 बजे संजू दीढ़ी और मुकेश साहू पास के ही किराना स्टोर्स के पास बातचीत कर रहे थे,



तभी करण निषाद अपने साथियों मनीष निषाद, जयंत निषाद, राकेश निषाद और अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचा। उन्होंने दोनों को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी और चाकू से हमला कर दिया।

हमले में संजू दीढ़ी को पीठ में और मुकेश साहू को पेट में गंभीर चोट आई हैं। मुकेश साहू लहूलुहान होकर गिर पड़ा। आसपास के लोगों के बीच-बचाव करने पर आरोपी वहां से भाग निकले। घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां संजू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है, जबकि मुकेश साहू का इलाज जारी है।

### मुख्य आरोपी फरार

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चाकूबाजी में शामिल आरोपी जयंत निषाद, करण निषाद, राकेश निषाद और भूपेंद्र विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मुख्य आरोपी मनीष निषाद घटना के बाद से फरार है, पुलिस इसकी तलाश कर रही है।

### रायपुर में तेज रफ्तार बस ने स्कूटी को मारी टक्कर, युवक की दर्दनाक मौत

**रायपुर 22 अक्टूबर।** इस मामले में सिविल लाइन पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे की मदद से जांच में जुट गई है। रायपुर में तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार को जोरदार टक्कर मार दी है। हादसे में युवक की मौत हो गई है। हालांकि एक्सीडेंट के बाद आसपास से गुजर रहे लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सिविल लाइन पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे की मदद से जांच में जुट गई है। दरअसल, सिविल लाइन थाना प्रभारी दीपक पासवान के मुताबिक, घटना मंगलवार सुबह 6 बजे की है। प्रवीन मसीह (20) रायपुर का रहने वाला था। वह स्कूटी से घर की तरफआ रहा था। तभी तेलीबांधा की ओर से तेज रफ्तार बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे प्रवीण का सड़क में गिरकर सिर फट गया।

### असिस्टेंट सेक्रेटरी की कार का एक्सीडेंट, बच्चों को अस्पताल लेकर जा रहा था ड्राइवर

**रायपुर 22 अक्टूबर।** रायपुर के वीआईपी रोड में असिस्टेंट सेक्रेटरी की कार का एक्सीडेंट हुआ है। बताया जा रहा है कि कार ड्राइवर चला रहा था। उसके साथ कार में तीन बच्चे मौजूद थे। जिन्हें वह अस्पताल ले जा रहा था। तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से उसकी गाड़ी टकरा गई। हादसे में दोनों गाड़ियों में सवार करीब आधे दर्जन लोगों को चोटें आई है। मामला माना थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, घटना शाम करीब 5:30 बजे के आसपास की है। रायपुर रजिस्टर्ड ष्टत्र 021287 नम्बर की स्विफ्ट कार को ड्राइवर चला रहा था। गाड़ी वित्त विभाग में पोस्टेड असिस्टेंट सेक्रेटरी वर्ग के अधिकारी की है। घटना के समय वह कार पर मौजूद नहीं थे। बताया जा रहा है कि वह अपने बच्चों को लेकर माना सिविल अस्पताल चेकअप के लिए जा रहा था। इस दौरान माना की ओर से तेलीबांधा की तरफआ रही एक तेज रफ्तार कार से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों गाड़ी के सामने के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गाड़ी के भीतर मौजूद बच्चों को हल्की चोटें आई हैं। वहीं दूसरी गाड़ी पर सवार लड़कों को भी चोट आई है। फिलहाल घटना के बाद आसपास से गुजर रहे लोगों ने घायलों का अस्पताल पहुंचाया। इस मामले में फिलहाल माना थाना प्रभारी के पास किसी तरह की कोई शिकायत नहीं पहुंची है।

**रजत पर्व** — देश का पहला आदिवासी डिजिटल संग्रहालय शुरू होगा; पीएम मोदी बच्चों से मिलेंगे, आवास भी सौंपेंगे

# राज्योत्सव में वायुसेना की सूर्यकिरण टीम करेगी एयर-शो

रायपुर रायपुर 22 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ इस साल 1 नवंबर को अपना 25वां स्थापना दिवस मनाएगा। राज्य सरकार ने इसे सिर्फ जश्न नहीं, बल्कि गर्व और पहचान का उत्सव बनाने की तैयारी की है। इस बार राज्योत्सव को 3 दिन से बढ़ाकर 5 दिन तक मनाया जाएगा। 1 से 5 नवंबर तक नवा रायपुर में भव्य आयोजन होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे, जबकि उपराष्ट्रपति समापन कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। पीएम 31 अक्टूबर की शाम को रायपुर पहुंचेंगे।

इसके साथ प्रदेश में पहली बार भारतीय वायुसेना की टीम एयर शो करेगी। देश के पहले आदिवासी डिजिटल संग्रहालय का होगा उद्घाटन भी किया जाएगा।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि यह आयोजन सिर्फ सांस्कृतिक नहीं होगा,



बल्कि इस दौरान लाखों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गृह प्रवेश भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा, ÷राज्योत्सव छत्तीसगढ़ की आत्मा को महसूस करने और उसे नई ऊंचाई देने का अवसर बनेगा।÷

पहली बार राज्योत्सव में एयर-शो

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस पर राजधानी रायपुर में पहली बार भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण एयरोबेटिक टीम शानदार एयर शो पेश करेगी। यह प्रदर्शन 5 नवंबर की सुबह सेन्ध तालाब के ऊपर होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। करीब 40 मिनट तक चलने वाले इस शो में 9 फाइटर जेट्स और एयरक्राफ्ट आसमान में एक साथ फॉर्मेशन फ्लाइंग और एयरोबेटिक स्टंट्स का रोमांचक प्रदर्शन करेंगे, जो राज्योत्सव के 25वें वर्ष को खास बना देगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्योत्सव के अवसर पर नवा रायपुर अटल नगर में बने शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर तैयार यह देश का पहला डिजिटल संग्रहालय होगा। इसमें छत्तीसगढ़ के 16 आदिवासी विद्रोहों की झलक देखने-सुनने को मिलेगी। संग्रहालय में वीर नारायण सिंह, सोनाखान विद्रोह, भूमकाल आंदोलन जैसे प्रसंगों की डिजिटल प्रस्तुति की गई है। सरगुजा कलाकारों की नक्काशी, 1400 वर्ष पुराने साल वृक्ष की प्रतिकृति और 14 थीम आधारित गैलरियां इसकी खासियत होंगी। यह संग्रहालय आदिवासी शौर्य, बलिदान और गौरवगाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रतीक बनेगा।

नवा रायपुर में निर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा का नया भवन अब पूरी तरह तैयार है। 1 नवंबर को पीएम मोदी इसका उद्घाटन करेंगे। यह भवन आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त है, जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा की झलक दिखाई देगी।0 सदन की सीलिंग में धान की बालियों की सुंदर नक्काशी की गई है। भवन को 3 सेक्टरों में विभाजित किया गया है और सभी सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवा रायपुर में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग सेंटर एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड- शांति शिखर का शुभारंभ करेंगे।

यह केंद्र विश्व शांति, आध्यात्मिकता और मानव मूल्यों के प्रसार के लिए समर्पित रहेगा। इसी दिन प्रधानमंत्री सत्य साई हॉस्पिटल में हृदय संबंधी ऑपरेशन करवा चुके बच्चों से भी मुलाकात करेंगे।वे उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी लेकर चिकित्सा टीम से भी बातचीत करेंगे।

छत्तीसगढ़ को बने 24 साल पूरे हो चुके हैं और अब राज्य अपने 25वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। सरकार ने इसे रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा, खानपान, लोकनृत्य और खेलों को समर्पित विभिन्न कार्यक्रम होंगे। हर महीने अलग थीम पर आयोजन किए जाएंगे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26